RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 15 अंक : 179 28, मई, 2020 मूल्य : 20/-



जन्म 3 मई 1951

माली समाज के गौरव, भारतीय राजनीति में बेदाग छवि के जन नेता गरीबों, बेसहारों के मसीहा, सामाजिक राजनीति क्षेत्र में युवाओं के आदर्श परम आदरणीय

## श्रीमान अशोक गहलोत

**मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार**

के **70**वें अवतरण दिवस पर

**माली सैनी संदेश परिवार**

की और से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं हम सभी आपके उत्तम स्वास्थ एवं दिर्घायु जीवन की मंगलकामना करते है

सादा कुर्ता पहन पजामा, कब्जा काली खादी का
महंगे पांव में सस्ते चप्पल, पहन चला पथ गांधी का
निर्बल निर्धन का दिल जानी, रहबर नेक फरिश्तें सा
देश प्रदेश के हित के खातिर, करें सामना आँधी का



# कोराना महामारी में समाज के भामाशाहों की ओर से सहयोग



## समाज की और से सबसे बड़ा 50 लाख का दान कोरोना महामारी में।

आज गोहाना ( गढ़ी सराय नामदार खा ) के सरपंच श्री रुधनीराम सैनी जी ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 5000000 ( पचास लाख रूपए ) सहयोग राशि दी। समाज के भामाशाह का बारम्बार आभार अभिनदंन। कोरोना महामारी में आपके अभूतपूर्व सहयोग से समाज का मान बढ़ाया आपने हम आपके दीर्घायु जीवन की मंगल कामना करते हैं।



जोधपुर। समाज के युवा कॉन्ट्रेक्टर डूंगर सिंह सोलंकी सुपुत्र ब्रह्म सिंह जी ने श्री कृष्णा गोपाल गौशाला में गायों के चारे हेतु 5 लाख 51 हजार का चेक भेंट किया। इसके पूर्व में भी डूंगर सिंह जी सोलंकी परिवार ने गौशाला में 2 पशु एम्बुलेंस, गायों की छाया हेतु रुटिन शेड और वॉटर कूलर भी भेंट किया है। इसके अलावा अपने जन्मदिन पर डूंगर सिंह सोलंकी ने शंकर मठ गौशाला में भी उनके पुत्र दीपक सोलंकी ने एक पिक अप गाजर गजरा सहित गौशाला गौशाला में भिजवाया। साथ ही एक पिक अप हरा चारा भी डलवाया। आपके परिवार द्वारा किए जा रहे गौ सेवा हितार्थ आर्थिक सहयोग के लिए हार्दिक आभार

स्व. सेठ श्री कनीराम टाक श्रीमती लीला देवी जी की स्मृति मे उनके पुत्र ओमदत टाक शेर सिंह टाक नरपत सिंह टाक उमेद सिंह टाक माधो सिंह टाक धिरेंद्र सिंह टाक एवं पुत्री वीना कछवाहा एवं पौत्र महिंद्र सिंह टाक जितेन्द्र सिंह टाक की तरफ से मुख्यमंत्री सहायता कोष मे रु 3,00,000 की राशि का चेक जोधपुर कलेक्टर को दिया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत साब के जन्म दिन के अवसर पे छोटा सा योगदान टाक परिवार की तरफ से देने पर हार्दिक आभार अभिनन्दन।





श्री रामवल्लभ चौहान ( गोटन ), हाल निवासी शक्ति नगर, जोधपुर ने आज कोरोना महामारी के रोकथाम हेतु मुख्यमंत्री सहायता कोष में रु. 2,51,000.00 का चेक समाज सेवी श्री जसवन्त कच्छवाहा के साथ जिला कलेक्टर जोधपुर को प्रदान किया। पुनीत सेवा कार्य के लिए रामवल्लभ जी चौहान का हार्दिक आभार अभिनंदन

हार्दिक आभार



कोविड 19 से लड़ने में प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर रिलीफ फंड में 1,00,000 की सहयोग राशि जोधपुर कलेक्टर को आर्य वीर दल के अध्यक्ष हरीसिंह आर्य, संचालक उम्मेद सिंह आर्य तथा जूनी बस्ती के प्रधान विनोद गहलोत द्वारा सौपा गया।

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 15 ● अंक 179 ● 28 मई, 2020 ● ● मूल्य : 20/- प्रति ●

## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय माननीय संरक्षक सदस्यगण



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

( अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम जोधपुर )



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**

( समाजसेवी/भामाशाह )



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**

( उद्योगपति/समाजसेवी )



**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**

( बिल्डर्स/समाजसेवी )




**श्रीमान पुखराज सांखला**

( अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर )



**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**

( उद्योगपति )



**श्रीमान नेमीचंद गहलोत**

( उद्योगपति/भामाशाह )



**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**

( उद्योगपति/भामाशाह )



**श्रीमान ब्रह्मसिंह चौहान**

( जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर )



**श्रीमान युधिष्ठर सिंह परिहार**

( व्यवसायी/समाजसेवी )




**श्रीमान (डॉ.) सुरेन्द्र देवड़ा**

( हृदय रोग विशेषज्ञ, एम्स )



**श्रीमान सुरेश सैनी**

( समाजसेवी )



**श्रीमान इंद्रसिंह सांखला**

( समाजसेवी )




**श्रीमान संपतसिंह कच्छवाहा**

( शिक्षाविद्/ समाजसेवी )



**श्रीमान नरेश सांखला**

( कॉन्ट्रेक्टर/समाजसेवी )



**श्रीमान प्रवीण सिंह परिहार**

( बिल्डर/उद्यागपति )

# सम्पादक की कलम से ...



देश भर से समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा महात्मा ज्योति बा फूले के जन्म दिवस को धूमधाम से मनाए जाने के सामाचार प्राप्त होते है। लेकिन क्या वास्तव में हम महात्मा ज्योति बा फूले के आदर्शो पर चल रहे है ?

आप सभी ने शायद महात्मा ज्योति बा फूले की जीवनी को पढ़ा होगा या कुछ जानकारी उनके जीवन काल में किए गए महान कार्यो की होगी। अगर नहीं भी है तो आप अब यह सब जानकारी हमारे द्वारा तैयार की गई वेब-साईट www.mahatmajyotirao.org से प्राप्त कर सकते है।

हमारे समाज में जन्में महात्मा ज्योति बा फूले ने अनेकों कुरीतियों को समाप्त करने का प्रथम अवसर प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया था। वर्तमान में महात्मा फूले की जय जयकार के नारे लगाना और उनकी प्रतिमाओं पर फूल मालायें चढ़ाना प्रगतिशीलता का धोतक बन रहा है। आकारों की पूजा करके विचारों की उपेक्षा करने की परम्परागत प्रथा है, वही सामाजिक तथा आर्थिक पिछड़ेपन की जड़ है। हम केवल एक दिन महात्मा फूले के आदर्शो की बात कर फिर वर्षभर उनके आदर्शो के लिए कितने प्रयास करते है कभी सोचा है ?

महात्मा ज्योति बा फूले ने जो महत्वपूर्ण कार्य किये जिस पर हमारा समाज ही नहीं बल्कि पिछड़ें व उपेक्षित तबकें के लोग आज भी उनके गुणगान करते है उनके कुछ कार्य जो मानव हितार्थ किए गये थे उसमें से सबसे महत्वपूर्ण कार्य : -

1. **समाज को शिक्षित करना।**
2. **महिलाओं को शिक्षित करना।**
3. **शुद्रों, अतिशुद्रों के कल्याण के लिए कार्य करना।**
4. **भेद-भाव को समाप्त करना।**
5. **विधवा विवाह करवाना।**
6. **मजदूरों एवं किसानों के लिए अधिकारों के लिए संघर्ष करना।**
7. **परित्यागता महिलाओं को पुर्न-विवाह एवं उनको रोजगार के लिए प्रक्षिशित करना।**

इसके अलावा अनेकों ऐसे कार्यो को किया जो कि आज से 188 वर्ष पूर्व किसी ने सोचा भी नहीं था। हम विचार करें इनमें से कितने कार्यो को हमारी समाज की संस्थाओं ने हाथ में लिया है तथा उसके लिए वर्ष भर कार्य करने का श्रम किया है। शायद इसका जवाब ना ही मिलेगा कुछ अपवाद को छोड़ कर। हम सब का यह प्रयास होना चाहिए जिस महापुरूष के कर्मो से आज गौरवान्वित हो रहे है हम उनके द्वारा मानव उत्थान के लिए किए गये कार्यो का उल्लेख कर रहे है उन कामों को हाथ में ले तथा उसका विस्तृत कार्यक्रम बना कर समाज में जागृति लाने का प्रयास करे तभी हम उनके वंशज होने का गौरव होगा तथा उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## क्या वास्तव में हम महात्मा फूले के आर्दशों पर चल रहें है ....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

कोरोना महामारी के चलते रक्तदान, मास्क, भोजन, पशु पक्षियों की सेवा जैसे पुनीत कार्य हुए आयोजित

# जननायक के जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्याक्रमों का आयोजन



जयपुर। माली समाज गौरव, मारवाड़ के गांधी जननायक राजस्थान के मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर प्रदेश भर में अनेकों सेवाकार्यो का आयोजन किया गया। कोरोना महामारी के चलते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपना जन्मदिन सादगी से मनाते हुए सभी से इस महामारी में पीड़ित मानव हितार्थ सेवा कार्यो की अपील की थी।

अलवर। आज दिनाँक 3 मई को प्रातः काल 10 बजे सोनावा कच्ची बस्ती में जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सैनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके से कोरोना महामारी से बचाव के लिए ''संकल्प दिवस'' के रूप मनाया गया।

जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सैनी ने बताया कि कोरोना महामारी कोविड–19 के लिए सरकार की जारी गाइड लाइन के अनुसार सोशल डिस्टेंस की पालना करते हुए सोनावा कच्ची बस्ती में महिला काँग्रेस के राष्ट्रीय अभियान 'मिशन मॉस्क' के तहत महिला काँग्रेस कार्यकताओं द्वारा तैयार किये गए मॉस्क का आज 1045 लोगों को वितरण कर, निःशुल्क मॉस्क वितरण करने की शुरुआत काँग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह गंडूडा, विधानसभा प्रभारी गोपाल दास खटीक एवं मध्यप्रदेश पुलिस के रिटायर्ड महानिदेशक के एल मीणा द्वारा करते हुए एवं 70 चयनित महिलाओं को 1–1 किलोग्राम मिठाई के पैकेट वितरित कर मुख्यमंत्री गहलोत का 70 वां जन्मदिन मनाया गया।

साथ ही मॉस्क बनाने में सिलाई कर कोरोना वालंटियर के रूप मे कार्य करने वाली महिला कार्यकर्ताओं, भामाशाहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों, पत्रकारों का फूलमालाऐं पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कोविड–19 'सतर्क राजस्थान' सन्देश के तहत कोरोना महामारी से बचाव और सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के प्रति आमजन को जागरूक कर सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में काँग्रेस जिला महासचिव हरि शंकर रावत, सुनील पाटोदिया, महेन्द्र सैनी,एडवोकेट कैलाश चन्द यादव, इंद्रेश लोहरा, राकेश खंडेलवाल, शहर अध्यक्ष अजय मेठी ,पार्षद बीना नरुका, रमेश सैनी, बबीता खंडेलवाल, सुनीता राजकुमार शर्मा जूहूरी खान, पूर्व पार्षद उर्मिला सैनी, निर्मला शर्मा, कमला किरण सैनी ,कमलेश जांगिड़ , राधा सैनी, निशा सैनी, भोती देवी सैनी ,शीला सिंह, सविता सिंह, प्रिया देवी, सीता देवी,पुनम देवी, संतरा देवी, दया सैनी, सुशीला देवी, सावित्री सैनी, मोनिका सैनी, लक्ष्मी सैनी, पुष्पा सैनी, बबीता सैनी, भोती सैनी, शारदा देवी सैनी,रेखा सैनी, बबीता सैनी, अनीता सैनी, शोभा सैनी, शकुंतला सैनी,टीटू सोनी मिस्त्री, टेलर मास्टर हीरालाल शर्मा, कैलाश कोली, जगदीश यादव, मोती लाल सैनी, घनश्याम सैनी,बिजेंद्र सैनी, सुरेश सैनी पेन्टर, हीरा लाल सैनी मिस्त्री, सोनू सैनी, रवि सैनी, हितेश सैनी, एडवोकेट हिमांशु मेहराना, छोटे लाल सैनी शामिल थे।

चुरू। आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के जन्मदिन पर एन. एस. यूआई के पूर्व प्रदेश सचिव कैलाश सैनी के नेतृत्व में जन सेवा सप्ताह के अंतर्गत भरतिया अस्पताल चूरू में रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया। रक्तदान शिविर में चूरू के 101 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नरेंद्र सैनी चूरू सी.एच. एम. ओ. डॉक्टर अहसान गोरी युथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानवेन्द्र बुडानिया कांग्रेस नेता आरिफ पिथिसार सैनी युवा महासभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश पापटान डॉक्टर शुशांत चौधरी ने रक्तविरों का आभार जताया।

जननायक अशोक गहलोत के जन्मदिवस के अवसर पर नरेन्द्र सैनी (प्रवक्ता चूरू जिला कांग्रेस कमेटी) के नेतृत्व में हमारी संसथान श्री साईं समग्र विकास संस्थान और श्री नरनारायण सेवा संस्थान के द्वारा राशन सामग्री की 500 किट जरूरतमन्दों को बांटी गई।

राशन किट की गाड़ियो को हरी झण्डी दिखाकर चूरू जिला कलेक्टर महोदय ने रवाना किया। इस दौरान सैनी समाज के वरिष्ठ नागरिक गिरधारी तंवर, बजरंग सैनी, ताराचंद सैनी आदि उपस्थित रहे।

टोंक। जिलेभर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। महात्मा गांधी जीवनदर्शन समिति द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन संकल्प सेवा दिवस के रूप में जिले भर में मनाया गया। जिसके अंतर्गत टोंक जिला संयोजक अनुराग गौतम द्वारा सुबह सोशल डिस्टेंस के साथ दूध का वितरण कराया गया एवं पक्षियों के परिंडों में द्वारा पानी भरा।

इसी क्रम में संयोजक अनुराग गौतम एवं सह–संयोजक सुनिल बंसल के निर्देशानुसार लॉकडाउन का पालन करते हुए टोंक ब्लाक में संयोजक विकास विजयवर्गीय द्वारा पक्षियों के लिए चुग्गा एव पानी की व्यवस्था की गई एवं संकल्प लिया की ये कार्य (गर्मी में) निरंतर जारी रखेंगे।

देवली। कांग्रेस कार्यालय में सीएम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। रविवार को सीएम गहलोत के जन्मदिन के अवसर पर अभाव अभियोग प्रकोष्ठ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं टोंक जिला कांग्रेस के महासचिव, गांधी जीवन दर्शन समिति के ब्लॉक सह संयोजक एडवोकेट संदीप काटिया, जिला कांग्रेस के महासचिव दिनेश जैन, पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष विनोद पुजारी, टीकम सेन, रमेश गोयल आदि ने विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए चुग्गा व गायों के लिए हरा चारा डाला।

संगठन महामंत्री सत्यनारायण बूलिया व प्रवक्ता आकाश कंछल ने बताया कि सार्वजनिक गौशाला में गायों को चारा खिलाया, कार्यकर्ताओं द्वारा मास्क वितरण किया। इसके बाद पंचायत समिति, तहसील कार्यालय में पक्षियों के लिए करीब 21 परिंडे बांधे इसके बाद बावड़ी के बालाजी के यहां पक्षियों के लिए चुगा डाल कर गहलोत के दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की।






निवाई। ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान गांधी दर्शन समिति एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने समिति के संयोजक एवं कांग्रेस अध्यक्ष महावीर प्रसाद एवं महामंत्री सीताराम कटारा के नेतृत्व में पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर गायों को हरा चारा खिलाया। संयोजक एवं कांग्रेस अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश को नई दिशा दी है। प्रवक्ता प्रवीण माणु ने बताया कि कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गायों को चारा डालकर, पक्षियों के लिए परिंडे बांधे।

मालपुरा। लावा कस्बे के सैनी युवा मंडल के तत्वावधान में मुख्य मंत्री अशोक गहलोत के जन्म दिवस के अवसर पर रविवार को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर दौरान सवाईमानसिंह अस्पताल जयपुर के चिकित्सक दल ने 55 यूनिट रक्त एकत्र किया।

टोडारायसिंह। रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टोडरायसिंह द्वारा राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्म दिवस के उपलक्ष में टोडारायसिंह में आम सागर, बिसलपुर कॉलोनी, चुंगी नाका, पीपली चबूतरा पर गायों को चारा खिलाकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, जिला महामंत्री रामदयाल सुवालका, अरविंद सिंगोदिया, हनुमान सिंहल, हेमंत शर्मा, सद्दाम हुसैन मंसूरी, राहुल दायमा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार गांधी दर्शन के ब्लॉक संयोजक मोहनलाल अग्रवाल, सहसंयोजक शंकर लाल चौधरी की अगुवाई में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में गणेश गोशाला महल में गायों को हरा चारा खिलाकर व नरसिंह मंदिर में मूक पर्चियों को चुग्गा डाल कर मुख्यमंत्री की दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर ब्लाक सेवादल के जिला उपाध्यक्ष अशोक भटेडा, धर्मेन्द्र चौबे, आजाद देशवाली, मुकेश सुवालक, राजेश गौड़, मो. इस्लाम बार अध्यक्ष, सुरेन्द्र कनोई, राजेश सैनी, शराफत अली देसवाली मौजूद रहे।

जोधपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर शहर में कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों की ओर से रक्तदान, गौ सेवा और पौधरोपण करने के साथ उनकी दीर्घायु होने की कामना के साथ एक दूसरे को बधाई दी गई।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्रसिंह सोलंकी की अगुवाई में पार्षद अरविंद गहलोत ने वार्ड 53 व 54 में सफाई अभियान चलाया।

कुष्ठ आश्रम में पूर्व पार्षद मयंक देवड़ा, महामंदिर ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश पंवार, पार्षद श्यामादेवी गहलोत आदि ने भी फल वितरित किए। गांवों में परिंडे लगाए।

इस अवसर पर जगह जगह रक्तदान शिविर और सेवा कार्य हुए। माली युवा संगठन के पवन सोलंकी की अगुवाई में नयापुरा चौखा में रक्तदान शिविर का आयोजन कर 42 यूनिट रक्तदान किया गया। इस मौके पर क्षेत्रिय विधायक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इसके अलावा विभिन्न संगठनों ने मंदबुद्वि 1 हजार बच्चों को भोजन, 5 हजार मास्क, गायों को लापसी दलिया खिलाया। अनेकों क्षेत्रों में नगर निगम के सहयोग से सेनेटाइज का कार्य भी किया गया। इसके साथ ही हर वर्ष की भांति समाज के विभिन्न कांग्रेसी पदाधिकारियों ने अनुंबध वृद्धाश्रम, कुष्ठरोगियों को भोजन व फल वितरित कर जननायक के जन्मदिन पर सेवाकार्य के माध्यम से उनके दिर्घायु जीवन की मंगल कामना की।

केरू युवा मित्र मण्डल जोधपुर के संयोजक नृसिंह गहलोत ने कोरोना महामारी में लगातार आगे बढ़ रहे लाकडाउन से रोज दिहाड़ी मजदूरों पर भोजन के भारी संकट को देखते हुए युवा मित्र मण्डली द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रेरणा से उनके 69वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भील बस्ती व राव बस्ती और सिंधियों की बस्ती में किराणा दुकान सर्वे के अनुसार अति जरूरतमंद 21 परिवारों को 10 दिन की राशन सामग्री के किट वितरित किए गए। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पुरा ध्यान रखा गया।

तिवंरी। युवा कांग्रेस ओसियाँ विधानसभा के अध्यक्ष सांवर परिहार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर आज क्षेत्र में गायों को लापसी, पक्षियों के लिए परिंडे, जरूरतमन्दों को खाद्य सामग्री, अनाथ गायों को हरा चारा एवं गरीब बच्चों को बिस्किट वितरण करके जन्मदिवस मनाया गया।

चिड़ावा। चेयरमैन ओमप्रकाश हजारीलाल सैनी सेवा संस्था के तत्वावधान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर संस्था की ओर से आटा, दाल, चावल, चीनी, तेल इत्यादि के 570 किट बांटे गए। इनके अलावा 170 जवानों व पूर्व सैनिकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान 570 मास्क भी बांटे गए। इस दौरान 570 मास्क भी बांटे गए। पशुओं के लिए 70 मण चारे की व्यवस्था की गई। संस्था की ओर से चलाई जा रही रसोई से जरूरतमंदों को भोजन के 1370 पैकेट बांटे गए। कलेक्टर उमरदीन खान ने संस्था की रसोई का अवलोकन कर दिशा निर्देश दिए।

संस्था के संरक्षक बलदेव प्रसाद सैनी पीसीसी सदस्य पार्षद सुमित्रा सैनी, व्यवस्थापक सुरेश हलवाई ने भोजन व्यवसाी एवं वितरण के बारे में अवगत कराया। इस दौरान चिड़ावा उपखण्ड अधिकारी डीएसपी, एसएचओ लक्ष्मीनारायण सैनी, नायब तहसीलदार विक्रम सैनी, ब्लॉक सीएमओ संत कुमार, अस्पताल प्रभारी सहित समाजसेवी शीशराम बिल्लू, मुकेश सैनी सहित समाज एवं सर्व समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर देवड़ा व उनके पांचों भाई कोरोना वॉरियर्स के रुप में दे रहे है सेवा

## कलेक्टर देवड़ा की कार्यशैली की स्वयं मुख्यमंत्री कर चुके है प्रंशसा



चेतन देवड़ा
जिला कलेक्टर चितोड़गढ़



मदनलाल देवड़ा, सीसीएम
रेलवे, कलकत्ता



मंदरूप देवड़ा प्रोफेसर
राज. महा. ब्यावर



शैलेन्द्र देवड़ा, प्रशा.
अधिकारी बिकानेर



रामजीवन देवड़ा, विकास
अधिकारी बागोरिया



राजाराम देवड़ा

भोपलगढ़। कस्बें के सालगनगर निवासी शिक्षाविद् राजाराम देवड़ा का कठोर अनुशासन व मार्गदर्शन पाकर उनके पद्चिन्हों पर चलकर पांचों भाईयों ने आज अच्छा मुकाम पाया है। आज सभी भाई कोरोना महामारी के दौरान एक सुपर योद्धा की तरह अपनी सेवाएं दे रहे है, चेतनराम देवड़ा वर्तमान में चितौड़गढ़ के कलेक्टर के रूप में अपनी सेवा दे रहे है।

पिता राजाराम देवड़ा रिटायर्ड अध्यापक है वे शुरूआत से ही अनुशासन को लेकर अटल रहने वाले इंसान रहे आज भी पांचों बेटे सरकारी विभागों में होने के बावजूद अपने परिवार में रहकर सादगी का परिचय दे रहे है तो कलेक्टर देवड़ा भी अपने कार्यक्षेत्र के साथ अपने गांव की भी हर समय जानकारी लेते रहते है और बड़े बुज़र्गो से दूरभाष के जरिए हाल चाल जानकर उनके पास रहने का अहसास दिलाते रहते है जब भी कलेक्टर देवड़ा अपने गांव घर आते है आस पास के सभी लोग घर एकत्रित होते है ताटर चौपाल सी लग जाती है कलेक्टर देवड़ा भी घंटों बैठकर बुजुर्गो से गांव की जानकारी लेते रहते है।,

उनके भाई मदनराम देवड़ा सीसीएम रेलवे कलकत्ता, रामजीवण देवड़ा ग्राम विकास अधिकारी बागोरिया, भोपालगढ़। मंदरूप देवड़ा कॉलेज लेक्चरर ब्यावर, शैलेन्द्र देवड़ा राजस्थान प्रशासनिक अधिकारी बीकानेर में अपनी सेवाएं दे रहे है।

चेतनराम देवड़ा की कार्यशैली से सीएम अशोक गहलोत भी है प्रभावित

देवड़ा की पढ़ाई कक्षा प्रथम से दसवीं तक भोपालगढ़ में ही हुई उसके पश्चात उन्होंने ब्यावर से बीकॉम व एम कॉम गोल्ड मैडल के साथ युनिवर्सिटी टॉपर रहे। तत्पश्चात देवड़ा का चयन 1985 में कॉलेज लेक्चरर में हुआ, अध्ययन में अगाध रूचि के कारण 1989 में देवड़ा का चयन राजस्थान प्रशासनिक सेवा में हुआ। देवड़ा शुरू से ही प्रतिभाशाली एवं उच्च दर्जे के विचारों से प्रभावित रहे, उसके साथ ही कई जिलों में पदस्थापित भी रहे देवड़ा जिस पद पर रहे वहां ईमानदारी से कार्य कर उस पद का मान सम्मान बढ़ाया।

वर्तमान में जिला कलेक्टर चितोड़गढ़ में अपनी सेवाओं से सभी को प्रभावित कर रहे है। उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक ने खुले मन से कलेक्टर्स कान्फ्रेस में देवड़ा की तारीफ की। इससे पहले डूंगरपूर जिला कलेक्टर रहते हुए अपने लोकसभा चुनावों में सराहनीय कार्यो से भारत निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित समारोह में प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित हो चुके है।

चेतन देवड़ा कहते है दादाजी की सोच सच्चे अर्थो में फल फूल रही है जिसकी महक मारवाड़, बागड़ अचल के साथ संपूर्ण राजस्थान के प्रशासनिक हलकों में कायम रखने में पुरी कोशिश करता हूं। उनके दिए मार्गदर्शन से आज देश की जनता की सेवा करने का जो मौका मिला वो मेरा सौभाग्य है, आम जनता से अपील करता हूं कि इस महामारी के दौर में अपने घर में रहे बिना कोई काम घर से बाहर नहीं निकले हर व्यक्ति अपने आप को इस देश का सेवक मानकर प्रशासन का पूरा सहयोग कर देश की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त करें।



# सृष्टि कुशवाह ने विश्व में सातवां स्थान प्राप्त किया

प्रयागराज। उच्चतर शिक्षा सेवा आयोज प्रदेश द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी का अंतिम परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सृष्टि कुशवाहा सुलेमसराज, प्रयागराज की रहने वाली है ओर वर्तमान में राम किशोर शर्मा के साथ शोध कार्य कर रही है। इन्होंने सफलता का श्रेय अपनी माता स्व. देवी वसुंधरा को ओर अपने पिता संत दिवाकर महाराज को तथा बहन मिनाक्षी कुशवाहा को दिया है।

उनका मानना है कि निरंतर अध्ययन लक्ष्य के प्रति एक निष्ठ भाव और सकारात्मक सोच ने उन्हें यह सफलता दिलाई है। उन्होंने अपने गुरूजनों, बड़े बुजुर्गो और अपने साथियों का भी आभार प्रकट किया है जिन्होंने निरंतर उनको प्रेरित किया।

यह सृष्टि कुशवाहा का दूसरा प्रयास था इससे पहले इलाहाबाद विश्वविद्यालय और ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में शिक्षण कार्य भी किया है निरंतर मेहनत सकारात्मक सोच ने उन्हें यह दिलाई है। सामाजिक संस्थाओं ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है हम सभी उन्हें हार्दिक बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते है।

'सामाजिक, शैक्षणिक क्रांति के जनक महात्मा जोतीराव फुले'

# 11 मई मे 1888 को महात्मा ज्योति राव फुले को मिली थी महात्मा की उपाधि



11 मई जनमानस के जोतीराव फुले महात्मा जब याद करते हैं महात्मा की, तो प्रथम महात्मा बुद्ध जो 2500 ई. पूर्व थे। दूसरे महात्मा जोतीराव फुले और तीसरे महात्मा गांधी ही है।

प्रथम मजदूर नेता रावसाहेब नारायण मेघाजी लोखंडे और साथियों ने 11 मई 1888 को मुंबई के कोलीवाडा में एक भव्य समारोह आयोजित किया। जिसमें हजारों समाजसेवी श्रमिकगण, महिलाएं, जननेताओं ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि राव बहादुर विठ्ठलराव कृष्णा जी वन्डेकर जो मुंबई महान समाज सुधारक थे।

श्री लोखंडे जी ने इस समारोह में बताया कि हमारे बीच आज श्री जोतिराव गोविंदराव फुले आमंत्रित है। उन्होंने भारतवर्ष में ट्रेड यूनियन बनाने का संकल्प लिया, वह मुझे श्रमिकों को संगठित करने का काम सौंपा जिसे मैंने पूरा किया। फुले सामाजिक परिवर्तन के पथदर्शक है महान विचारक है, समतामय समाज रचना के लिए जातियां समाप्त कर वर्ण व्यवस्था से मानव समाज को मुक्त कराना, निशुल्क रोजगार मूलक सभी के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के द्वारा खोले हैं। पहली बार बालिका शिक्षा सावित्रीबाई फुले को शिक्षित कर संचालित कर रहे हैं। समाज में व्याप्त छुआछूत, अंधविश्वास, धार्मिक अत्याचार समाप्त करने हेतु प्रयासरत है। लाइब्रेरी प्रारंभ की है, बाल विवाह विरोधी है, विधवा विवाह प्रारंभ किया है, बिचौलिया विहिन विवाह कराने हेतु हाईकोर्ट से मान्यता मिली है।

सत्यशोधक समाज की स्थापना कर समाज में जागृति ला रहे हैं। समाज को मानवीय जीवन जीने के लिए साहित्य रचना कर रहे हैं। हम इन्हें ष्महात्माष की पदवी प्रदान करते हैं।' भारी हर्ष एवं तालियाँ जनमानस ने बजाई। मुख्य अतिथि वन्डेकर साहेब ने 'महात्मा जोतीराव फुले' को पदवी प्रदान की।

इस प्रकार फुले पहले महात्मा जनता द्वारा बने। 'आइए हम महात्मा फुले के आदर्श अपनाए।'

# रविवार की छुट्टी और मजदूरों को अधिकार दिलाया समाज के मेघाजी लोखंडे ने




नारायण मेघाजी लोखंडे. भारतीय मजदूर आंदोलन के थे पिता मेघाजी वो महान इंसान है जिनके कारण भारतीय मजदूरों को रुअधिकार मिले और हमें रविवार की छुट्टी।

मेघाजी महात्मा ज्योतिबा फुले के सत्यशोधक समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। मेघाजी इतिहास के वो महानायक हैं जिन्हें वो सम्मान नहीं मिला जिसके वो वास्तविक हकदार थे। हमें गर्व होना चाहिए कि भारतीय श्रम आन्दोलन के जनक और रविवार को साप्ताहिक अवकाश घोषित कराने वाले 'नारायण मेघा जी लोखंडे' माली समाज से थे।

कामगारों के लिए साप्ताहिक (रविवार की) छुट्टी का प्रावधान करवाने वाले एवं भारत के ट्रेड यूनियन और श्रम आन्दोलन के जनक नारायण मेघा जी लोखंडे पुणे जिले के सासवाड के निकट मूल गांव कंहेरसर में फूलमाली कृषक परिवार में 1848 में इनका जन्म हुआ। लोखंडे ने गरीब परिस्थितियों में माध्यमिक शिक्षा पूर्ण की।

मुंबई में एक नौकरी के दौरान उन्होंने ने मील कामगारों को दिन में 13–14 घंटे काम करते देखा। उन्हें सप्ताह में कोई छुट्टी नहीं मिलती थी, नतीजतन लोखंडे ने अपनी नौकरी छोड़ने और खुद को श्रम आन्दोलन में ले जाने का फैसला किया। लोखंडे जी की जीवन संगिनी का नाम गोपीना बाई और पुत्र का नाम गोपीनाथ था।

10 जून 1890 को रविवार का साप्ताहिक अवकाश लोखंडे के आन्दोलन के बाद प्रारम्भ हुआ था। 1880 में लोखंडे ने दीनबंधु नामक समाचार पत्र का प्रकाशन भी प्रारम्भ किया था।

भारत सरकार ने 10 जून 2005 में लोखंडे के नाम से डाक टिकट भी जारी किया था। ऐसे महान समाज सेवी, श्रमिकों के अधिकारों के जनक, मानवता के सच्चे सिपाही, गंभीर व्यक्तित्व को श्रमिक दिवस के अवसर पर कोटि कोटि नमन।

# 14 वर्ष की उम्र में केबीसी में 1 करोड़ जितने वाले युवा डॉ रवि सैनी बने एसपी



पोरबंदर। राजस्थान निवासी डॉ. रवि मोहन सैनी बनें पोरबंदर के एसपी। डॉ रवि मोहन सैनी राजस्थान के मूल निवासी है तथा उन्होंने 14 वर्ष की उम्र में टी.वी. कार्यक्रम केबीसी की हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के साथ वर्ष 2001 में अपनी प्रतिभा के बल पर 1 करोड़ रूपये की बड़ी ईनामी राशि जीत कर चर्चा में आए थे। फिलहाल उनकी उम्र करीब 33 साल है। उन्होंने गुजरात के पोरबंदर में बतौर एसपी ज्वाइन किया है।

इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में सैनी ने बताया कि उन्होंने महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमबीबीएस किया। एमबीबीएस के बाद इंटर्नशिप के दौरान उनका चयन सिविल सर्विसेज में हो गया। चूंकि पिता नेवी में थे, इसलिए उनसे प्रभावित होकर आईपीएस चुन लिया। भारतीय पुलिस सर्विस के लिए सैनी का चयन 2014 में हुआ था। उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 461वीं रैंक हासिल की थी। उन्होंने अपनी इस नई भूमिका के बारे में बताया कि कोविड 19 के मद्देनजर पोरबंदर में लॉकडाउन का पालन करवाना उनकी प्राथमिकता है।

# सैनी यूथ फेडरेशन ने जरूरतमंद परिवारों को मास्क, भोजन, दवाईयां उपलब्ध करवाई



कुरुक्षेत्र। सैनी यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी निंदेशानुसार अनुसार हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहित सैनी भिवानी खेड़ा पूरे हरियाणा में जैसे कि कुरुक्षेत्र अंबाला कैथल हिसार नरवाना यमुनानगर अनेक जिलों के अनेक गांवों में जाकर जरुरतमंद गरीब परिवारों को भोजन, मास्क वितरित किया। प्रदेश में जारी लॉकडाउन के कारण आजकल अधिकांश कार्य बंद पड़े है जिसके कारण अनेक मजदूर परिवारों को अपने ही घरों में ही बैठनें को मजबूर होना पड़ रहा है।

मजदूरी न मिलने के कारण अनेक परिवारों को खानें का भी संकट पैदा हो रहा है। गरीब परिवारों की मजबूरी को समझते हुए क्षेत्र की सैनी यूथ फेडरेशन भी अब समाज सेवा में आगे बढकर हाथ बटानें लगे है सैनी यूथ फेडरेशन के सचिव राकेश सैनी कैथल ने गरीब लोगों की समस्या को देखते हुए उन्हें खाना उपलब्ध करवानें का फैसला किया। उन्होंने अपने खर्च पर खाना तैयार करवाकर क्षेत्र के अनेक गांवों में मजदूर परिवारों की पहचान कर उन्हें खाना उपलब्ध करवाया ताकि कोई परिवार भूखा न सोए।

महासचिव राकेश सैनी अडोन कहा कि कोरोना वायरस के कारण जारी लॉकडाउन के कारण काम न मिलने के कारण यदि किसी भी परिवार को भोजन की जरुरत हो तो वह बताए जरुरतमंद व्यक्ति के घर पर ही खाना उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने लोगों को भी आह्वान किया कि वे अपने घरों के आसपास जरुरतमंद मजदूर परिवारों की पहचान कर उन्हें खाना उपलब्ध करवाए।

प्रवीण हरिगढ़ ने बताया कि सैनी यूथ फेडरेशन अब तक 1000 मास्क,1000लोगों को खाना और जरूरतमंद लोगों को दवाइयां, पुलिस कर्मचारियों को चाय बिस्कुट पानी की बोतलें सैनी यूथ फेडरेशन के वालंटियर समय–समय पर दे रहे हैं और जिला प्रशासन के साथ भी ताल मिलाकर जिला रेडक्रॉस में वालंटियर के रूप में सैनी यूथ फेडरेशन अपनी भूमिका अदा कर रही है इस मुहीम में कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष रविन्द्र, अंबाला केअध्यक्ष परवीन, यमुनानगर के अध्यक्ष राहुल, कैथल के अध्यक्ष परव, नरवाना के अध्यक्ष प्रदीप, हिसार के अध्यक्ष अरविंदर, अजय, नीरज, अक्षय, करमबीर, तुषार,साहिल, राहुल, रम्मी रविंदर,आदि युवा साथी हैं।



# पलायन के बजाएं उद्योगों का साथ देने वाले श्रमिकों का किया सम्मान



जोधपुर। लोकडाउन में श्रमिक हो या प्रवासी अपने घर जाने के लिए बेकरार था वहीं बासनी औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कई श्रमिक ऐसे थे जिन्होंने पलायन के बजाय उद्योगों का साथ नहीं छोड़ा। लॉकडाउन में भी उद्योगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाले ऐसे ही कई श्रमिकों का मरूधरा इंडस्ट्रीज एसोसियेशन की ओर से आयोजित समारोह में सम्मान किया गया।

जिला कलेक्टर, शहर विधायक, राजसिको के पूर्व चैयरमेन सुनील परिहार, एसोसियेशसन के अध्यक्ष ने श्रमिकों को माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान उन्हें राशन वितरण भी किया गया। सुनील परिहार ने बताया कि एसोसियेशन की ओर से 23 मार्च से अबतक करीब 5 लाख से अधिक भोजन व राशन पैकेट का वितरण किया जा चुका है।

सुनील परिहार ने कलेक्टर से मांग रखते हुए कहा कि राशन के लिए करवाए जाने वाले पंजीयन के दौरान श्रमिकों से उद्योग कास नाम, मालिक का नाम व उसका मोबाइल नंबर भरने का कहा जाता है। जबकि कई फैक्ट्रियों में ठेके पर श्रमिक लगे होते है जिनको जानकारी नहीं होने पर सरकारी योजना से प्राप्त होने वाले राशन से वंचित है ऐसे श्रमिकों के लिए मोबाइल की ओटीपी खत्म करें।



### जोधपुर जेल में पुलिस व कैदियों को भी बांटे इम्यूनिटी बूस्टर के किट

# डॉ. रामसिंह सोलंकी ने इम्यूनिटी बूस्टर के रिकार्ड 2 लाख से ज्यादा किट बांट कोरोना से लोगों को किया लाभान्वित

### होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के जोधपुर जिलाध्यक्ष के पद पर भी हुई नियुक्ति





जोधपुर। जोधपुर सेन्ट्रल जेल के कैदियों और जेल के अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए होम्योपैथी के डॉ. रामसिंह सोलंकी ने आज इम्यूनिटी बूस्टर के किट उपलब्ध करायें। डॉ रामसिंह सोलंकी ने शहर वासियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने और इम्यूनिटी बढ़ाने की इम्यूनिटी बूस्टर दवाई भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की अनुमति मिलने के बाद वितरण कर शहर वासियों के साथ ही प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गये क्वारोंटाइन सेंटर में भर्ती कोविड–19 के संदिग्धों को दे कर कोविड– 19 से बचाव कर रहे है।

राजस्थान जेल के महानिदेशक एन आर के रेड्डी को जानकारी मिलने पर उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गहलोत को इम्यूनिटी बूस्टर की दवाई को जोधपुर जेल के बंदियों और पुलिस अधिकारियों को प्रदान करने को कहा। जेल डी. आई. जी. विक्रमसिंह के निवेदन पर आज जोधपुर सेन्ट्रल जेल में सुपरिडेण्ट जेल कैलाश द्विवेदी को इम्यूनिटी बूस्टर के 150 किट डॉ. रामसिंह सोलंकी ने निः शुल्क सुर्पद किए। इस अवसर पर जेल अधिक्षक जगदीश पुणियां भी उपस्थित थे। डॉ. रामसिंह सोलंकी ने बताया कि 1 किट में करीब 7 जनों को तीन दिन तक सुबह यह दवा देने पर 3 महीनें तक इम्यूनिटी बूस्टर का असर व्यक्ति के खून में रहता है। डॉ. रामसिंह सोलंकी ने कहा जरूरत पड़ने पर वह जेल प्रशासन को आवश्यकतानुसार और किट निःशुल्क उपलब्ध करवा देगें। अभी हाल ही में जयपुर में कैदियों में कोरोना महामारी के सैकड़ों मरीज सामने आएं थे जिससे इस महामारी के जेलों में फैलने का खतरा बढ़ गया था।

डॉ रामसिंह सोलंकी ने बताया कि अब तक उन्होंने हजारों इम्यूनिटी बूस्टर किट बांटे है। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के साथ ही बैकिंग कर्मचारियों और अनेकों संगठनों को इम्यूनिटी बूस्टर दवाई बांटने का लक्ष्य उन्होंने रखा है।

डॉ. रामसिंह सोलंकी ने बताया कि इस वैश्विक बिमारी से बचाव के लिए उन्होंने यह निर्णय लिया, जिसमें सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं का भी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने अब तक शहर के मण्डोर, भदवासियां, माता का थान, उदय मंदिर, सोजती गेट, फतेह सागर, विजय चौक, कागा रोड़, चैनपुरा, रातानाड़ा, चौखा, गोलासनी, सूरसागर, किशोर गृह जोधपुर, मण्डोर पुलिस कार्यालय के अलावा अनेकों विभागों एवं बैंकों में इम्यूनिटी बूस्टर दवा बांटी है यहीं नहीं जोधपुर के बाहर ग्रामिण इलाकों बालेसर, पीपाड़ सिटी, तिंवरी आदि क्षेत्रों में भी आपने दवाई का वितरण कर कोविड 19 महामारी के बचाव के लिए डॉ. रामसिंह सोलंकी ने अब तक करीब 2 लाख से ज्यादा लोगों को इम्यूनिटी बूस्टर दवाई के माध्यम से कोरोना महामारी से बचाव कराने का अनुकरणीय सेवा कार्य किया है। डॉ. रामसिंह सोलंकी शहर ही नहीं पूरे पूरे देश में जटिल एवं लाईलाज बिमारियों का सफल इलाज करने के लिए प्रसिद्वहै।



### परिवार के सभी सदस्य अलग अलग स्थानों पर दे रहे है सेवाएं

# कोरोना योद्धाओं की भूमिका अदा करने वाला पंवार परिवार सबसे आगे








पोकरण। मदागणवास निवासी तहसीलदार बालेसर आईदान पंवार के परिवार के सभी सदस्यों द्वारा इन दिनों कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए दिन रात जूझं रहे है। जहां आईदान पंवार स्वयं बालेसर में तहसीलदार की अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहे है। उनके जंवाई से लगाकर बेटे व बेटी तथा उनकी पुत्र वधु भी इस कोरोना संक्रमण को भगाने के लिए दिन रात तत्पर रहकर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। आईदान पंवार के परिवार के सदस्य मानव सेवा में कभी भी पीछे नहीं रहते है और इस संकट की घड़ी में उनके पुत्र डॉ. तरुण माली भामाशाह के रूप में आगे आकर गरीब व असहाय लोगों को निःशुल्क खाद्य सामग्री के पैकेट वितरण कर रहे है।

स्वयं आईदान पंवार सुबह से लेकर देर रात्रि तक राजकीय कार्य कर रहे है। इसके साथ ही कोरोना महामारी को नियंत्रण करने के लिए सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ इस कार्य को महत्वपूर्ण मानते हुए परिवार को छोड़कर इस कार्य में जुटे हुए है, उनकी माता जी लकवाग्रस्त है उनकी देखभाल में परिवार के दूसरे सदस्य लगे हुए है लेकिन वे तीन महीनें में उनसे मिल नहीं पाए है। उनसे वीडियों कॉल पर बात करके यह कहते है अगले सप्ताह घर आ रहा हूं। इसी तरह पौते व परिवार के अन्य सदस्यों से भी वीडियों कॉल से ही संपर्क कर बात कर रहे है।

उन्होंने बताया कि इस भंयकर बीमारी को भगाने के लिए 11 मार्च से लेकर आज तक मैनें न तो चैन से नींद ली है न ही समय पर खाना खाया है। आईदान पंवार ने बताया कि उनका पहला कर्तव्य बनता है कि इस महामारी से सभी को बचाने के लिए पूर्ण रूप से सफलता हासिल होने के बाद ही चैन से सभी कार्य कर पाएंगे।

आईदान पंवार की धर्मपत्नी श्रीमति छोटेश्वरी देवी इस संकट की घड़ी में दिन रात लोगों के लिए मास्क बनाकर निःशुल्क वितरण कर रही है। छोटेश्वरी देवी वर्ष 2010 से 2015 तक नगर पालिका की अध्यक्ष रह कर मानव सेवा में कभी भी पीछे नहीं रही थी। एक पुत्र डॉ. ललित पंवार दिल्ली एम्स में चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है। उनके दोनों जंवाई डॉ. सुरेश कुमार परिहार राजकीय अस्पताल बाड़मेर व डॉ. अशोक कुमार परिहार राजकीय अस्पताल कवास में बेहतरीन सेवाओं से कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रहे है। आईदान पंवार के बड़े पुत्र डॉ तरूण माली जो होटल व्यवसायी है। उन्होंने होटल के सभी कमरों को कोराना संक्रमण को देखते हुए प्रशासन को सुर्पुद किया। उनकी पुत्र वधु शांति माली ने अपने बचत से गरीब व असहाय लोगों को खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए जिससे इस संकट की घड़ी में कोई भुखा न सोए व रामदेवरा रोड़ स्थित बाबा रामदेव गौशाला में गायों के लिए 60 क्विंटल पत्ता गोभी भी पहुंचाई। उनकी दोनों बेटियां रेखा व ललिता भी मानव सेवा में जुटी हुई है।



# समाजसेविका लायन श्रीमती कुसुम परिहार क्षैत्रिय अध्यक्ष मनोनीत

जोधपुर। लायंस क्लब अंतराष्ट्रीय के प्रांत 3233 ई 2 वर्ष के प्रांत पाल एमजेएफ लायन संजय भण्डारी ने अपने कार्यकारिणी में क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में लायन कुसुमलता परिहार को निर्वाचित किया।

लायंस क्लब जोधपुर मातृशक्ति की अध्यक्ष कुसुमलता परिहार ने पिछले 5 वर्षो से अध्यक्ष के रूप में उत्कर्ष सेवा गतिविधियों समाज हित में करके एक अमिट छाप छोड़ी है

इन्हीं सेवा कार्यो को मध्य नजर रखते हुए प्रांत पाल एमजेएफ लायन संजय भण्डारी ने उन्हें क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया व वर्षभर में प्रांत की प्रमुख कार्य जन स्वास्थ्य, समाज स्वच्छ, वातावरण सुरक्षित जीवन, सशक्त महिला, समृद्ध परिवार, आंसू पोछें गले लगाएं, आपकी जरूरत हमारा प्रयास के तहत मुस्कुराहट के साथ सेवा कार्य करने का आव्हान किया।

लायन कुसुमलता परिहार का बचपन संघर्षमय रहा वो बचपन में अपने माता के साथ पापड बेलने एवं अगरबत्ती बनाने में मदद करती थी साथ ही कुशाग्र बुद्धि होने के कारण विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पिता के सहयोग से पढ़ाई करती रही। आपने एम. ए. बी.एड की शिक्षा हासिल की तथा आपका विवाह गोविंद परिहार के साथ हुआ जो बॉस्केटबाल के बेहतरीन खिलाड़ी है तथा वर्तमान में जोधपुर जिला खेल अधिकारी है। उनके सहयोग से ही वो विवाह पश्चात भी अपनी पढ़ाई जारी रख पाई। साथ ही आपने लक्की बाल निकेतन में भी एकाउण्ट का कार्य किया। इसके साथ साथ समाज सेवा के कार्यो में लगी रही। आपने अल्प समय में अपने मिलनसार स्वभाव व सेवा कार्यो से सर्व समाज में अलग पहचान मनाई और आज इस मुकाम पर पहुंची है।

आपने मूक पक्षियों के लिए परिण्डे लगाना, कच्ची बस्तियों में नशा मुक्ति के लिए कार्य करने के साथ ही कोरोना काल में मास्क वितरण का कार्य किया। थैलिसिमिया रोगियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन, इसके अलावा अनकों बार कोरोना वॉरियर्स का सम्मान किया। जिसमें पुलिसकर्मी, नर्सिंग कर्मी व सफाई कर्मियों के साथ ही कोरोना वारियर्स के रूप में सेवाएं दे रहे वॉरियर्स को छाता, पीपीई कीट, प्रदान किया ओर साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र, दुपट्टा, शॉल, स्मृति चिंह प्रदान किया अभी हाल ही में आपको अनेकों संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है।

3 मई जन्म दिवस

# अशोक गहलोतः विकट संकट के मजबूत दूरदृष्टा


प्रस्तुति : निरंजन परिहार

अशोक गहलोत को बधाई दीजिए।

बधाई इसलिए कि कोरोना के मामले में राजस्थान सरकार के मुखिया के रूप में वे देश की सरकार से भी ज्यादा सजग व सक्रिय साबित हुए हैं। यही नहीं, कोरोना के खिलाफ बड़ी जंग की शुरूआत करने में भी वे दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मुकाबले अग्रणी साबित हुए हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय संकट ने गहलोत की राजनीतिक प्रतिभा, निर्णय क्षमता और दूरदर्शिता की नई इबारत लिखी है। यह उनकी दूरदर्शिता का ही कमाल है कि राजस्थान में कोरोना जिस तेजी से पसर सकता था, उतनी तेजी पकड़ ही नहीं पाया। सच सुनने में अगर किसी को तकलीफ नहीं हो, तो यह भी जान लीजिए कि कोरोना संकट के मामले में अशोक गहलोत फैसले लेने के मामले में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी ज्यादा तेज साबित हुए हैं। क्योंकि इस संकट से बचने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जो भी फैसले लिए गए, एहतियात के तौर पर हर फैसले को गहलोत राजस्थान में उससे पहले ही लागू कर चुके थे। इन्ही को देखकर कहा जा सकता है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अपनी प्रशासनिक क्षमताओं और राजनीतिक प्रखरता को प्रस्थापित करने में एक बार फिर सबसे आगे रहे हैं।

अकसर अपने व्यवहार से सीधे, सरल और सहज लगनेवाले गहलोत बहुत तगड़े फैसले भी तुरत फुरत ले लेते हैं, यह इन दिनों एक बार फिर दिखा, जब राष्ट्रीय स्तर पर तो लॉकडाउन का फैसला 22 मार्च के जनता कर्फ्यू के बाद हुआ। लेकिन इससे चार दिन पहले ही गहलोत सरकार ने राजस्थान में 18 मार्च को बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश भर में धारा 144 लागू करने के आदेश दे दिए थे। गहलोत कहते हैं कि जनता का जीवन बचाने के लिए यह जरूरी थी। इसके बाद 19 मार्च को सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई और होम आइसोलेशन में रखे गए नागरिकों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए कड़ी नजर रखने के आदेश दिए। फिर देखा कि लोग धारा 144 का पालन करने में ढिलाई बरत रहे हैं, तो सूबे की सरकार ने पूरी तरह कमर कस ली और रोडवेज सहित सार्वजनिक परिवहन के सभी वाहनों के परिचालन पर भी पाबंदी लगा दी। सरल स्वभावी गहलोत कानून की पालना के मामले में कितने सख्त है, यह राजस्थान की जनता ने सार्वजनिक रूप से 23 मार्च की रात को देखा, जब उन्होंने जनता से कहा कि लॉकडाउन तोड़ा तो कर्फ्यू लगाना पड़ेगा। गहलोत हर हाल में जनहित को केंद्र में रखकर कड़े फैसले लेते रहे हैं।

कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता सोनिया गांधी ने इसी की तारीफ में 24 मार्च को गहलोत को पत्र लिखकर कोरोना के मामले में राजस्थान सरकार के प्रयासों की सराहना की। यह पत्र एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश था, जिसके निहितार्थ गहलोत की गद्दी के मंसूबे पालनेवालों क अरमानों पर पानी फेरने के लिए काफी हैं। जन सरोकारों को आगे रखकर काम करनेवाले राजनेता के रूप में विख्यात गहलोत ने पूरे प्रशासनिक अमले को सक्रिय करते हुए सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने और धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में 23 मार्च को 29 लोगों को गिरफ्तार करके ऐसे लोगों के न बख्शने का संदेश भी दिया। हर जिले में कंट्रोल रूम सेथापित किए और तंत्र को तेज करते हुए राजस्थान को महामारी से बचाने की दिशा में जोरदार जतन किए। बड़ी संख्या में जब प्रवासी मजदूर पलायन करके राजस्थान आने लगे, तो उन्होंने कईयों को बसें भंजकर घर पहुंचाया तो अटके हुओं को वहीं रखने और खाने पीने की व्यवस्था की वहां के मुख्यमंत्रियों से अपील की। राजस्थान में कोरोना के केंद्र बने भीलवाड़ा के बारे में तो गहलोत की त्वरित कारवाई से सब वाकिफ ही है, जहां हर हाल में कोरोना के फैलाव को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर उन्होंने कई कड़े कदम उठाए। संकट की भयावहता को गहलोत मार्च आते आते ही भांप गए थे। तभी तो जिला अधिकारियों को सतर्क करते हुए शुरू में ही कोरोना के खिलाफ जनजागरण का बिगुल बजा दिया था। मुख्यमंत्री जानते हैं कि मेले राजस्थान की रंगभरी संस्कृति के संवाहक हैं, फिर भी उन्होंने मेलों और सार्वजनिक आयोजनों के प्रति सतर्कता बरतने के आदेश दिए। फिर 15 मार्च आते आते तो उन्होंने इन पर भी रोक की सलाह दे दी।



दरअसल, राजस्थान में गहलोत यह सब उस वक्त कर रहे थे, जब केंद्र सरकार और बाकी मुख्यमंत्री बहुत ही धीमे कदमों से कोरोना के खिलाफ आगे बढ़ रहे थे। सरल गहलोत की सख्ती, सख्त गहलोत की निर्णय क्षमता, और क्षमतावान गहलोत की दूरदर्शिता का ही यह परिणाम है कि बाकी प्रदेशों के मुकाबले राजस्थान में कोरोना कुछ कब्जे में आता दिखाई दे रहा है। वरना, कोरोना कोई ऐसा वायरस थोड़े ही है, जो आसानी से अटका दिया जाए।

भारतीय राजनीति में अशोक गहलोत को दूरदर्शी राजनेता यूं ही नहीं माना जाता।

# गांधीवादी अशोक गहलोत

डॉ. सत्यनारायण सिंह
आई.ए.एस.(आर)

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तीनों कार्यकाल मेंउल्लेखनीय कार्य हुए है जिनकी कोई मिशाल नहीं है। अशोक गहलोत सच्चे गांधीवादी साबित हुए है। गरीब, असहाय वर्ग की सहायता में उन्हें असीम प्रसन्नता होती है। वर्तमान दौर में उन्होंने ऐतिहासिक निर्णय लिए है।

अपने प्रथम कार्यकाल में उन्होंनें राजस्थान पर छाये अकाल को जिस खूबी, तत्परता, संवेदनशीलता, मानवता व दूरदर्शिता से मुकाबला किया, वह प्रदेश के गांवों में आज भी सराहा जा रहाहै। उन्होंने प्रत्येक पंचायत पर अनाज का स्टॉक रखावाया और अकाल के दिनों में भी यह देखा गया कि अत्यधिक गरीब के घर में भी अनाज की कमी नहीं थी, जबकि इनके शासनकाल के पूर्व भयंकर अकाल में सैकड़ों पुरूषों की व हजारों मवेशियों की मृत्यु होती थी व बड़े पैमाने पर मनुष्य मजदूरी के लिये और जानवर चारे पानी के लिए दूसरे इलाकों व राज्यों में जाते थे।

गहलोत ने अपने दूसरे शासनकाल में जनकल्याण कार्यो की झड़ी लगा दी। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवा की व्यवस्था, जननी शिशु सुरक्षा योजना, वृद्धजनों को पेंशन एवं सहूलियतें, पिछड़े क्षेत्रों में विशेष कार्य अनुसूचित जाति सबप्लान, नगरीय विकास एवं सौन्दर्यकरण गहलोत के सभी फ्लेगशीप प्रोगामों की सर्वत्र प्रंशसा हुई। अन्य राज्यों ने उनकी स्कीमों को अपनाया। देश के सभी मुख्यमंत्रियों की आबू बैठक में उनकी सराहना हुई और इंडियाटुडे के सर्वे में वह देश के प्रथम मुख्यमंत्री बने जिन्होंने संवेदनशीलता के साथ प्रांत में विकास योजनाओं को चलाया।

महात्मा गांधी के सिद्धान्तों के अनुसार प्रेरित होकर अशोक गहलोत सरकार ने गरीबो व आम आदमियों के लिए रोटी, कपडा,मकान, स्वास्थ्य व शिक्षा को आमजन के अधिकार के रुप में स्वीकार किया। ''अस्पताल आइये स्वस्थ होकर जाइये'' न दवा का पैसा न जांच का खर्चा'' मां और ममता को भी सरकारी आंचल'' समय पर सरकारी सेवाओं की गारन्टी, गांव व शहर के गरीब को पक्के घर, बुजुर्ग महिला–पुरुष को बिना शर्त घर बैठे सरकारी पेंशन, किसानों को सस्ती बिजली व बिना ब्याज के फसली ऋण, 40 लाख से अधिक गरीब परिवरों को एक रुपया किलो की दर से प्रतिमाह प्रति परिवार 25 किलो गेहूँ अवैध शराब के कारोबार से जुड़े परिवारों का पुनर्वास, अकुशल को कुशल बनाने हेतु प्रशिक्षण व रोजगार की गारन्टी, बेरोजगार ग्रेजुएटस को बेरोजगारी भत्ता, तकनीतिज्ञान वृद्धि हेतु लैपटाप व टेबलेट का निःशुल्क वितरण, अल्पसंख्यको व महिलाओं को शिक्षण प्रशिक्षण'' की विशेष व्यवस्था आदि योजनाऐं प्रारम्भ की, इन योजनाओं की देश विदेश में प्रंशसा हुई। उनकी कई योजनाओं का नाम व उपरी आवरण बदलकर केन्द्र व कई राज्य सरकारों ने चालू किया। उनकी योजनओं के बाद केन्द्र सरकार की नीतियों में परिवर्तन आया। राजस्थान में रिफाइनरी, टोंक सवाईमाधोपुर रेल, बांसवाड़ा रतलाम रेल, धौलपुर गंगापुर वाया करौली के कार्य को स्वीकृत कराकर कार्य प्रारंभ किया। राज्य कांग्रेस में उनका सानी नहीं है, डांग के पिछड़े इलाके की सुध लेते हुये उन्होंने उनकी पीड़ा को बांटा है, सिलिकोसिस के मरीजों की राहत के लिये खुले दिल से राहत व्यवस्था प्रारम्भ की है। प्रदेश की मूलभूत समस्याओं के लिये उनकी फ्लेक्सी योजनाएं एक उदाहरण है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर के लिए सबसे बड़ा व ऐतिहासिक कार्य बरामदों को अतिक्रमण से खाली कराने का हुआ जिसने बाजारों की शक्ल बदल दी। अनेक वर्षो तक होईकोर्ट का आदेश होने के बाद भी कोई राजनीतिक व्यक्ति बरामदों को खाली कराने की हिम्मत नही जुटा पाया था। गहलोत ने साहसिक कदम उठाया और लोग उनकी प्रशासनिक क्षमता का लोहा मानने पर मजबूर हो गए। जयपुर की विरासत संरक्षण के लिए उनके प्रयास अत्यन्त प्रशंसनीय है। अशोक गहलोत की सरकार ने जयपुर के विकास के लिए कोई कसर नही रखी और पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए। अदूरदर्शी विरोध के बावजूद जयपुर में मैट्रो रेल प्रारंभ करने का फैसला उन्होंने ही किया तथा निर्णय लेकर घोषणा की थी कि जयपुर में केन्द्रीय विश्वविधालय तथा उच्चशिक्षा व स्वास्थ्य के अनेक केन्द्र खोले जाएगें। धारा 90बी की कार्य पद्धति पर रोक लगाकर उसे पुनः व्यवस्थित रुप 90–ए के रुप में प्रारंभ करने के फैसले ने बहुत हद तक जयपुर का बिकने व बर्बाद होने से बचा लिया।

आपके सफल एवं संघर्षपूर्ण राजनैतिक जीवन, व्यक्तिगत प्रभाव, सही वक्त पर फैसले करने की नीति, अद्भुत नेतृत्व क्षमता, बेदाग छवि, दूरदर्शिता के आधार पर पर राज्य के विकास के लिए उठाये गये कदम, सतत सक्रिय, संवेदनशील, जबाबदेह व निष्पक्ष राजनीति के प्रतिफल है। आपके राजनैतिक जीवन की सफलता इस बात से भी आंकी जा सकती है कि प्रतिपक्ष या कोई राजनैतिक विरोधी भी आपके उज्जवलतम दामन पर आज तक किसी प्रकार का दाग नहीं लगा सका।

राजस्थान के सर्वमान्य नेता अशोक गहलोत ने रात दिन मेहनत से व योजनाओं की कियान्विति सुनिश्चित कर जनता के प्रत्येक वर्ग के दिल में स्थान बनाया। उन्होंने आमजन की सरकार, पारदर्शी, जवाबदेह, संवेदनशील व प्रगतिशील सरकार देने के अपने दावे को साकार किया।

तीसरे बार मुख्यमंत्री बनने पर किसानों, बेरोजगार नवयुवकों के हित में तथा भ्रष्टाचार पर रोक के लिए उन्होंने कारगर कदम उठाये हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि करते हुए निरोगी राजस्थान की उनकी योजना की सर्वत्र प्रशंसा हुई है। कोरोना की रोकथाम के संबंध में उठाये गये उनके कदमों की प्रधानमंत्री मोदी ने भी मुक्तकंठ से प्रशंसा की है व अन्य मुख्यमंत्रियों को उनकी योजनाओं का उपयोग करने की सलाह भी दी है। वर्तमान मंदी के दौर व वित्तीय कठिनाईयों के बावजूद उन्होंने सराहनीय कार्य कर अपनी छाप छोड़ी है। सभी जिलों, हैड क्वाटर्स पर मेडीकल कॉलेज स्थापित किये जा रहे है। किसानों व युवकों के हित की अनेक योजनाएं शुरू की है।

गहलोत सरकार ने सैनिक बल एवं अर्द्ध सैनिक बलों के शहीद हुए सैनिकों के परिजनों एवं स्थाई युद्ध विकलांग सैनिकों को देय सहायता एवं सुविधा पैकेज में बढ़ोतरी की हैं। अब शहीदों के आश्रितों को 50 लाख रुपए तक तथा स्थाई युद्ध विकलांग सैनिकों को 30 लाख रुपए तक नकद सहायता राशि मिल सकेगी। नवीन पैकेज के अनुसार अब शहीद का परिवार कुल 50 लाख रुपये नकद अथवा 25 लाख रुपये नकद के साथ इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र फेज–द्वितीय में 25 बीघा भूमि अथवा 25 लाख रुपये नकद के साथ राजस्थान आवासन मण्डल के एक एमआईजी आवास का विकल्प चुन सकता है।

शहीद के बच्चों को राजकीय विद्यालय, कॉलेज, तकनीकी शिक्षा, मेडिकल एवं इंजीनियरिंग में निःशुल्क शिक्षा, पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति तथा माता–पिताको 3 लाख रुपये देना भी शामिल है।

समाज के ऐसे सर्वजन के कल्याण हेतु दिनरात एक करने वाले सच्चे गांधीवादी नेता के जन्मदिवस पर हम सभी उनके उत्तम स्वास्थ्य के साथ दिर्घायु जीवन की मंगलकामना करते है।

# कामधेनु प्रदेश प्रभारी नरसिंह गहलोत को मिलेगा कोरोना योद्धा सम्मान

## कोरोना महामारी में पूरे लॉकडॉउन से लेकर अब तक गरीबों को खाना, मूक पशुओं के लिए दाना-पानी, प्रवासियों लोगों के लिए भोजन पैकेट्स के साथ नकद सहायता एवं उत्कर्ष के सहयोग से पशुओं के लिए परिण्डें व सेवा के अनेक कार्य





जोधपुर। कोरोना महामारी में लॉक डाउन के चलते जीव जंतुओं व मानव जाति पर आए भोजन संकट को देखते हुए सोढ़ा की ढ़ाणी सूरसागर निवासी समाजसेवी नरसिंह गहलोत ने विश्व स्तरीय गौ चिकित्सालय नागौर के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी कुशालगिरी महाराज की प्रेरणा से पहले लॉक डाडन में अपने युवा साथियों के साथ मिलकर सोढ़ों की ढ़ाणी से सेवा की शुरूआत करके वन्य जीवों और जरूरतमंद लोगों की मदद करनी शुरू की उसके बाद दूसरे लॉक डाउन में युवा मित्र मण्डल के नाम से व्हाट्एप ग्रुप के माध्यम से लोगों को प्रेरित करना शुरू किया। साथी गुमानराम की फर्म के खाता नंबर के ग्रुप में डाल दिए और हर रोज सेवा की अपडेट ग्रुप में देनी शुरू की, तो लोग आगे से आगे जुड़ते गए ऑनलाइन सहयोग मिलता गया और सेवा का दायरा बढ़ता गया। इस प्रकार लॉकडाउन आगे बढ़ा तो एक नया ग्रुप बना उसमें ओर लोगों को जोड़ा गया, जोधपुर में कुल चार जगह कामधेनु सेना और युवा मित्र मण्डल ग्रुप की सेवाएं चलने लगी रोज करीब 350 किलो की रोटियां कुत्तों के लिए और बंदरों के लिए 25 किलो के मीठे गुलगुले निकालने शुरू किए साथ ही गायों के लिए खेतों से सब्जियां काटकर लानी शुरू की, कभी हरा चारा तो कभी सुखा चारा नियमित रूप से डाला जाने लगा।

उनके सेवा कार्यो से प्रभावित होते हुए उत्कर्ष शिक्षण संस्थान के चेयरमैन शिक्षाविद् निर्मल गहलोत ने भी उन्हें 71 हजार का सहयोग प्रदान किया साथ ही आवश्यकता पड़ने पर और सहयोग का आश्वासन भी दिया।

बंदरों के लिए मंडी जाकर कैले, तरबूज, खरबूजे, खीरा आदि लाकर खिलाने लगे। इस दौरान कोरोना योद्धा का सम्मान करना, ब्लड डोनेशन कैंप, चिकित्सा कैंप, गाय कुत्ते, बंदर मछलियों व पक्षियों के लिए भोजन अति जरूरतमंद गरीब को राशन किट वितरित करना। यहीं नहीं ट्रेन से आए प्रवासियों को भोजन के पैकेट वितरित करना, पैदल जा रहे प्रवासी मजदूरों की मदद करना इत्यादि सेवा कार्य 60 दिनों सं लगातार जारी रखे।

नृसिंह गहलोत कामधेनु सेना के प्रदेश प्रभारी होने के साथ ही माली युवा महासभा के प्रदेश सचिव का पद भी संभाल रहे है, इसके अलावा केसरिया हिंदू वाहिनी में प्रदेश प्रभारी तथा बाबा रामदेव सेवा समाज संस्थान और कई रजि. संस्थाओं में मुख्य भूमिका निभा रहे है।

कोरोना वायरस के चलते पूरे राजस्थान मे कामधेनु सैनिकों व युवा लोगों को सेवा के रूप में जागरूक करके एक अलग मिसाल कायम की है। इसलिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए विश्व स्तरीय गौ चिकित्सालय नागौर संस्थान अपने सामाजिक सरोकार निभाते हुए कोरोना योद्धा पुरस्कार से सम्मानित करेगा। माली सैनी संदेश परिवार नृसिंह गहलोत का अतुलनीय पुनीत सेवा कार्यो के लिए आभार प्रकट करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।





## कोरोना मरीजों के लिए रक्तदान शिविर आयोजित



तिंवरी। बालरवा में टाईगर क्लब बालरवा के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कोरोना महामारी के कारण ब्लड बैंकों में रक्त की कमी के चलते गांव की समस्त युवा शक्ति ने इस कार्य को एक दिन के सीमित समय में प्रशासन से अनुमति मिलने के उपरांत आयोजन किया ।जिसमें कुल 56 युनिट का योगदान सोशियल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए किया गया।

इस शिविर का आयोजन गांव के गणमान्य जन सरपंच रामकिशोर टाक, पूर्व सरपंच बंशीलाल परिहार,ब्लॉक् अध्यक्ष बंशीलाल कछवाह, समाजसेवी परमेश्वर परिहारँ(ठप) ओमप्रकाश सोंलकी, छैन्प जिलाध्यक्ष दिनेश परिहार,समाजसेवी रामकिशोर परिहार, मदन परिहार, पृथ्वीसिंह, थानाराम टाक गिरधारी टाक की प्रेरणा व उपस्थिति में किया गया। तिंवरी तहसीलदार श्री दीपक सांखला ने उपस्थिति होकर सभी का उत्साह वर्धन किया।

अंत में टाईगर क्लब बालरवा के समस्त टीम किशोर परिहार,विरेन्द्र गहलोत, छगन गहलोत, प्रेम टाक,भरत परिहार, लवजीत गहलोत पदम परिहार,पारस परिहार,ने मथुरादास माथुर अस्पताल की ब्लड बैंक टीम का सम्मान कर उपस्थित सभी जनों को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बैंककर्मी युवा ने दस रिश्तेदारों की मौजूदगी में लिए फेरे बचत की रकम से सामाजिक संस्था और पीएम फण्ड में किया सहयोग

जोधपुर। लॉकडाउन में एक जोड़े ने साधारण समारोह में शादी कर सामाजिक संदेश दिया। मगरा पूंजला निवासी एसबीआई बैंककर्मी महेश भाटी और चौखा चौपासनी निवासी गंगा ने जिला प्रशासन और पुलिस से अनुमति लेकर परिजनों की मौजूदगी में सात फेरे लिए।

शादी समारोह में सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क और सेनेटाइजेशन का पुरी तरह पालन किया गया। विवाह कार्यक्रम चौखा चौपासनी दुल्हन के पिता किशनलाल के निवास पर किया गया। लॉकडाउन के कारण गुजरात में रूकने वाले दुल्हन के भाई व बैंककर्मी विनोद गहलोत ने समारोह को विड़िया कॉल पर देखा।

दूल्हे के भाई नारायण ने बताया कि सादे समारोह की वजह से हुई बचत के कारण धनराशि पीएम फण्ड व एक समाजसेवी संस्था को भेंट की गई। दोनों पक्षों की ओर से केवल 10 रिश्तेदार ही शामिल हुए। समाज के युवा द्वारा अनुकरणी उदाहरण प्रस्तुत कर सादे समारोह में विवाह करने के साथ ही पीएम फण्ड एवं सामाजिक संस्था में सहयोग करने पर सामाजिक संस्थाओं ने उनका बहुमान किया।

## स्व. आशीष सैनी के परिवार को 6लाख 52 हजार की सहयोग राशि



बांदीकुई। कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में खत्म हुये बाँदीकुई क्षेत्र से दिल्ली पुलिस का नौजवान साथी आशीष सैनी के घर आज सभी साथियों के सहयोग द्वारा 6,52,175 रूपये का सहयोग परिवार को दिया जिसमें लॉकडाउन को पूरी तरह ध्यान में रखकर सोशल डिस्टेंस का पालन किया गया।इस मिशन को दिल्ली पुलिस के देवेंद्र, त्रिलोक, पन्ना लाल ओर खुशी राम सैनी (बिन्दरवाड़ा) ने शुरू किया।

जिसमें पुलिसकर्मियों, डाक्टरों, एडवोकेट, अध्यापकों व युवा साथियों के द्वारा सहयोग किया गया। सहयोग राशि को देते समय राष्ट्रीय फुले बिग्रेड संयोजक चन्द्र प्रकाश सैनी, कैलाश चांदोलिया राष्ट्रीय संगठन मंत्री फुले ब्रिगेड, सुरेश सैनी, अशोक सैनी, रितुराज सैनी, मानसिंह सैनी, मदन सैनी, कमलेश सैनी, सन्नी कटारिया बाँदीकुई सहित अन्य युवा साथी मौजूद रहे। समाज के सभी सहयोगी बन्धुओं का इस अनुकरणीय सेवा कार्य के लिये बारम्बार आभार एवं अभिनदंन।


संतोष सांखला
9252067133
9414359805

नेमीचंद सांखला
9529551444

आ. पी. तंवर
9414117306

तंवर मार्बल
मूर्ति एण्ड हैण्डीक्राफ्ट

हमारे यहां मार्बल स्लैब, टाईल्स, मंदिर मूर्ति, जाली, पालकी, मार्बल फ्लॉवर व हैण्डीक्राफ्ट आदि का कार्य किया जाता है।



M Marble Art (Android Apps on Gooble Play Store)

E-Mail : marbletanwar@gmail.com

शोरूम : सैनी कॉम्पलैक्स, 1 फ्लोर, शॉप नं. 40, रेल्वे स्टेशन के पास, मकराना ( राज. )

## विपरीत परिस्थितियों में अपने उत्कृष्ट सेवा कार्यो से कर रहे है समाज को गौरवान्वित

# देश भर में समाज के चिकित्सा सेवा में सेवाएं दे रहे कोरोना वॉरियर्स



कोरोना वॉरियर डॉक्टर पवन कुमार परिहार

जोधपुर। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पवन जो वर्तमान में बोरानाडा कोविड–19 केयर (कवेरंटीन) सेंटर, जोधपुर में फ्रंट लाइन (अग्रिम चिकित्सक) ट्रीटिंग सेवा में दिन रात अपनी सेवाओं से कोरोना पीड़ितों को लाभान्वित कर रहे है।

डॉक्टर पवन कुमार परिहार शिशु रोग विशेषज्ञ का जन्म रतन नगर जिला चूरू में कृषक परिवार में श्री बीएल परिहार के यहां हुआ। पिताजी व्यापार के सिलसिले में उड़ीसा गए थे अतः इनकी शिक्षा.दीक्षा अधिकतर उड़ीसा में हुई। वही आपने राज्य की मेडिकल की प्रवेश परीक्षा में चौथा स्थान और स्नातकोत्तर प्रीपीजी में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। आपने एससीबी मेडिकल कॉलेज कटक से पीडियाट्रिक्स में पीजी की। आप चुरू जिले के सैनी समाज के प्रथम शिशु रोग विशेषज्ञ हैं।

वर्तमान में आप राजकीय डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल पावटा जोधपुर में शिशु रोग विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हैं। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ. निधि परिहार भी डाक्टर है




माली

कोरोना वॉरियर्स के रूप में डॉक्टर भगवान का रूप लेकर रात–दिन मरीजों की सेवा कर रहे है। डॉ. भरत कुमार माली (MD Psychiatry) जो भारती हॉस्पिटल, पूणे में सेवा दे रहे हैं एवं डॉ. दीक्षा माली (Dermatologist) जो स्कीन एवं सर्जरी इन्टरनेशनल हॉस्पिटल, पूणे में रात–दिन सेवा दे रहे है। दोनो ही पति–पत्नि एक साथ अलग–अलग हॉस्पिटल में रहकर कोरोनो वॉरियर्स के रूप में कार्य कर रहे है। पिछले कही महिनों से उनकी मुलाकात भी नही हैं, जबकि एक ही शहर में रहते हैं क्योंकि दोनों की ड्यूटी एवं हॉस्पिटल अलग–अलग होने एवं कोरोना का संक्रमण बढने के कारण।

डॉ. भरत कुमार माली, सिरोही से सटे गॉव गोईली के मूल निवासी हैं, प्रारंभिक पढाई मुम्बई में रहकर की और डॉक्टर की पढाई पूणे में सम्पन्न कर मानवता के लिए कार्य कर रहे है।

डॉ रजनी सैनी : सोलापुर। MS Gynae & Obs



डॉ रजनी सैनी कोरोना वारियर पीजीआई सोलापुर, महाराष्ट्र में कोरोना महामारी के खिलाफ दिन रात सेवा कार्य मे लगी हुई हैं।



डॉ भरत गहलोत : गुड़गांव। सिविल हॉस्पिटल में कोविड–19 को हराने के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं डॉ. भरत कई दिनों से घर नहीं जा पा रहे है और परिवार के लोगों से केवल मोबाईल के माध्यम से ही संपर्क कर हालचाल पता कर रहे है।



डॉ.सरोज सैनी : उदयपुरवाटी तहसील के गांव जहाज (झुंझुनूं) निवासी देश में कोरोना महामारी होने के कारण में चंडीगढ़ में अपनी ड्यूटी कर कोविड 19 पिड़ित रोगियों को महामारी से स्वस्थ करने के लिए दिन रात कार्य कर रही है।



डॉ. सौरभ कुशवाहा : देश के प्रथम नोडल करोना अस्पताल नालंदा मेडिकल अस्पताल पटना में जूनियर डॉक्टर के पद पर करोना मरीज के इलाज हेतु ओपीडी में करोना योद्धा के रूप में अपनी निर्विघ्न सेवाएं प्रदान कर रहे है।



डॉ. आशा सैनी : गौतम बुधनगर नोएडा में दिन–रात कोरोना पीड़ितों की सेवा में लगी हुई डॉ. आशा सैनी। जहां सारा देश करोना की महामारी से त्राही त्राही कर रहा है हमारे कोरोना वॉरियर्स देश को अपनी सेवाएं जान जोखिम में डाल कर दे रहे है।

चिकित्सक दम्पति डॉ. भरत कुमार एवं डॉ दीक्षा



पुजा सैनी : सवाई मान सिंह हॉस्पिटल जयपुर में नर्सिग कर्मी पुजा सैनी पिछले एक महीने से कोरोना मे ड्युटी कर रही है, अकेले ही रह रही है,अपने घर पर भी नही गयी।

इनकी माता जी को सर मे टुयूमर होने के कारण वो घर पर जाकर अपनी सेवा देती रही है। लेकिन कोरोना के कारण घर ना जाकर, देश की सेवा मे लगी हुई है, कोरोना मरीजों के कोविड वार्ड मे अपनी जान की परवाह ना करके ड्युटी कर अपनी सेवा दे रही है ।

नर्सिंग कर्मी हरिसिंह सैनी कोरोना योद्धा ने मरीजों की सेवा कर मनाई शादी की 11वीं सालगिरह

नीमकाथाना। समाजसेवी रघुनाथ प्रसाद सैनी के सुपुत्र हरिसिंह सैनी ने अपने शादी की 11वी सालगिर दिल्ली के सबसे बड़े अस्पताल मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज एवं लोकनायक अस्पताल में सबसे कड़ी कोरोना–19 सेंटर में अपनी सेवा सुश्रूषा देकर मनाया तथा अपनी धर्मपत्नी सुमन देवी जो कि वर्तमान में राजस्थान सरकार में हेल्थ सुपरवाइजर के पद पर कोरोना योद्धा के रूप में अपनी सेवा दे रही है उनको विडियों काल द्वारा बधाई देकर देश में फेली इस महामारी में सादगी से मनाया।

मरीजों की सेवा में जुटे एक परिवार के तीन सदस्य मुकेश सैनी, दुर्गेश सैनी और शीतल सैनी :

अजीतगढ़। वैश्विक महामारी कोरोना कोविड 19 को हराने के लिए जारी जंग में कर्मवीर जुटे हुए है। क्षेत्र के निवासी एक ही परिवार के तीन जने कोरोना की जंग में सहयोगी बने हुए है। अमरसर के पूर्व जिला पार्षद प्रभुदयाल सैनी के दोनों पुत्र व एक पुत्रवधू कोरोना के खिलाफ जारी जंग में जुटे हुए है।

कस्बें के बाबा नारायणदास राजकीय सामान्य चिकित्सालय में कार्यरत फार्मासिस्ट व स्टोर कीपर प्रभारी मुकेश सैनी उनके भाई एसएमएस अस्पताल जयपुर में कोरोना वार्ड में सेवा दे रहे है मेल नर्स द्वितीय दुर्गेस सैनी और धवली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत आशा सुपरवाइजर



शीतल सैनी कोरोना कर्मवीर की भूमिका निभा रही है। तीनों जने कोरोना के खिलाफ जारी जंग में जी जान से मरीजों की सेवा में जुटे हुए है। उनकी सेवा के जज्बे की हर कोई प्रशंसा कर रहा है। एक ही परिवार के तीन सदस्य अपनी ड्यूटी को प्राथमिकता देते हुए 22 मार्च से इस संकट की घड़ी में कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य कर रहे है। एसएमएस अस्पताल में कार्यरत दुर्गेश का कहना है कि सबसे पहला कर्तव्य है देश की सेवा। परिजनों से यही सीख मिली है। दुर्गेश सेवा को प्रमुखता देते हुए सच्चे कर्मवीर की भूमिका निभाते हुए परिवार से दूर रहकर लगातार मरीजों की सेवा में लगे हुए है।

वे ड्यूटी के अलावा भी फ्री समय में आसपास के क्षेत्र में सेनेटाइज करना व मास्क वितरण का कार्य भी करते है। मुकेश सैनी ने बताया कि कोरोना को हराने के लिए सरकारी एडवाजरी का हम सब पालन करे। जल्द ही इस महामारी से जीतेंगे।

आईसीयू में सेवाएं दे रहे कोरोना वॉरियर्स मुरलीधर परिहार ने विडियो कॉल से मनाया जन्मदिन व एनिवर्सरी



तिंवरी। जोधपुर के राजकीय मथुरादास माथुर अस्पताल में तिंवरी के आईसीयू में सेवाएं दे रहे कर्मवीर योद्धा कोरोना मरीजों के बीच अपनी ड्यूटी कर रहे है। वहीं से विड़ियों कॉल के माध्यम से जन्मदिन व शादी की सालगिरह मनाई कस्बे के रामसागर निवासी मुरलीधर परिहार ने बताया कि पिछले काफी दिनों से आईसीयू में ड्यूटी कर रहे है। जन्मदिन के दिन विड़ियों कॉल के माध्यम से परिजनों व रिश्तेदारों से फोन कर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही मैरिज एनिवर्सरी भी पत्नी विमला को बधाई संदेश देकर ही मनाई। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य यही रहता है कि मरीजों को जल्दी ठीक कर घर भेजे। मरीजों के रिश्तेदारों के फोन भी आते है तब उनका हौसला बढ़ाते है। जब मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज होता है तब हमारे साथी ताली बजाते है और मरीज भी हमें दुआएं देते है। ड्यूटी के दौरान पीपीई किट पहनने के बाद इसे खोला नहीं जा सकता हैं इसलिए 8 घंटे तक कोई भी खाद्य पदार्थ ओर पानी भी नहीं पी सकते है।



नर्सिंग दम्पति ओमप्रकाश सैनी एवं सरोज सैनी

नवलगढ़। रेलवे स्टेशन के पास स्वामियों की ढाणी के रहने वलो दंपती कोरोना वॉरियर्स बने हुए है। ओमप्रकाश सैनी ईएसआईसी मॉडल हॉस्पिटल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर पंजाब में कार्यरत है। जो पिछले 20 दिनों से कोरोना वार्ड में ड्यूटी कर रहे है।

उन्होंने बताया कि पिछले एक माह से घर पर नहीं आए है, परिजनों की याद आती है तो वीडियो कॉलिंग करके बात कर लेते। ओमप्रकाश की पत्नी सरोज एएनएम के पद पर सीकर में कार्यरत है, जो घर घर जाकर कोरोना सर्वे में जुटी है। इनके चार वर्ष की बच्ची भी है। संक्रमण के डर से बेटी से दूर रहना पड़ रहा है।

एक ही किसान परिवार के चार कोरोना योद्धा कर रह है दिन रात सेवा

जिलिया के किसान परिवार शंकर लाल जी सैनी के परिवार से 4कोरोना वारियर्स जो जिलिया गाँव और माली समाज के लिए एक मिसाल है, एक किसान परिवार से निकले हुए वारियर्स जो आज हम सब की सेवा मे लगे हुए हैं।

1. डॉ विकास सैनी, डॉक्टर जयपुर कार्यरत 2. सुनीता डॉ विकास सैनी – सीकर कार्यरत (पुत्रवधु ) 3. पूनम सैनी – जिलिया हॉस्पिटल कार्यरत 4. जोगेंद्र सैनी – परबतसर पुलिस थाना ( जवाई )

महेंद्र सिंह परिहार और रिशिता गहलोत :



जोधपुर निवासी दंपति दोनों मथुरादास माथुर अस्पताल एवं महात्मा गांधी हॉस्पिटल में सेवा दे रहे है।

नर्सिंग कर्मी हुकमाराम परिहार की अपील : मैं वर्तमान में मथुरादास माथुर अस्पताल जोधपुर में अपनी सेवा दे रहा हूँ। मैं आमजन से यह अपील कर रहा हूं कि आप सभी सोशल डिस्टिंसिंग का पालन करें,



घरों में रहें, स्वस्थ रहें। अपने परिवार के साथ समय बिताने का वक्त है, बड़े बुजुर्गों का ख्याल रखें।

अपने शहर, गांव ढाणी में किसी बाहरी व्यक्ति के आने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें, और इस महामारी से बचाने में हमारा सहयोग करें। इस विकट परिस्थिति में हम भी आपकी सेवा में तत्पर है हमें गर्व है कि हम इस मुसीबत के समय में इस महामारी से आमजन को बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं आप घर में रहें, सुरक्षित रहें।

कोरोना वॉरियर घनश्याम कच्छावाह बने गरीब का सहारा

जोधपुर। युवा होमगार्ड घनश्याम कच्छावाह ने जब रोड़ पर पैदल चलते गर्भवती महिला को देखा तो उन्होंने जोधपुर जिला कलेक्टर से व्यक्तिगत रूप से बात कर गरीब परिवार को जोधपुर से रतलाम (एमपी) के लिए पैदल रवाना हुए जिसमें एक गर्भवती महिला जिसका सात महीने का बचा पेट मे पल रहा उसकी डिलीवरी बिलाड़ा के आसपास हुई बिलाड़ा से उसको जोधपुर के उम्मेद हॉस्पिटल में रेफर किया गया।



उसके बाद ये परिवार पैदल ही रतलाम मध्य प्रदेश के लिए रवाना होने लगा घनशयाम होमगार्ड की डियूटी पर थे वही पर बातचीत करने पर पता चला एमपी जाने के लिए कोई वाहन की व्यवस्था नहीं है। होमगार्ड ने जोधपुर कलेक्टर से उनकी समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिला प्रशासन व एयू स्माल फाइनेंस बैंक के सहयोग से एमपी रतलाम तक उनके लिए वाहन की व्यवस्था कर उनको अपने घर तक पहुंचाया। समाज के युवा घनश्याम के नेक सेवा कार्य के लिए हार्दिक आभार अभिनन्दन।

कोरोना वॉरियर्स के रूप में देश भर में सेवाएं देने वाले डॉक्टर, अध्यापक, नर्स, पुलिस, जनप्रतिनिध भामाशाह, पत्रकार बंधु आदि सभी का हार्दिक आभार अभिनंदन, समाज और देश को आप सभी पर गर्व है।

सरकारी स्कूल में पढ़ने के साथ पिता के गैराज में कार्य करते हुए दृढ़ ईच्छा शक्ति से मुकाम हासिल करने वाले युवा के लिए प्रेरक

# समाज के युवा सुनील गहलोत ने भरी सपनों की उड़ान : अजमेर की अनजान गली से न्यूयार्क की वॉल स्ट्रीट तक



सुनील गहलोत अपने उत्कृष्ट कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता के साथ विदशों में अपने 17 साल से ज्यादा के कैरियर में न्यू जर्सी की Detusche Bannk, जेपी मोर्गन चेंज एण्ड कम्पनी, टीआईएए फाइनेंशियल सर्विसेज, ट्रांसयूनियन, डन एण्ड ब्रैडस्ट्रीज और होराइजन ब्लू क्रस, ब्लू शील्ड जैसे विश्व स्तरीय मल्टीनेशन कम्पनियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर एक विशेष उपलब्धि प्राप्त कर समाज के साथ देश को गौरवान्वित किया है।

सुनील बिग डेटा और आर डी बी एम एस, डेटाबेस आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग, डेवलपमेंट, डेटा मैनेजमेंट और अपरेशंस के विशेषज्ञ हैं। उन्हें बड़े डेटा संस्करणों के साथ Hadoop का उपयोग करके वास्तुकला और विकास का ज्ञान है। कार्यात्मक रूप से उन्होंने औद्योगिकी, संचालन, कार्यक्रम बंधन, लेखा परीक्षा, रिपोर्टिंग, कानूनी और अनुपालन टीमों के लिए कार्य किए है।

अपने शानदार कैरियर में कई बार सुनील डेटा साइंस, निरंतर डिलीवरी और देव अप्स के लिए एंटराइज क्लाउड डेटा प्लेटफॉर्म और डेटा लेक की स्थापना करने और हडोप में स्ट्रीमिंग और स्टेटिक डेटा के लिए पहचाने जाते हैं।

उन्होंने आईएएस (Infrastructure -as -a-service) के रूप में काम किया और उभरती औद्योगिकियों के लिए पैस (Platform-as-a-service) की आद्युनिक तकनीक तैयार की है। साथ ही डेटाबेस माइग्रेशन, डेटा सेंटर वर्चुअलाइजेशन और डेटा वेयरहाउसिंग की भी शुरुआत की।

अजमेर। हर बड़े सपने की शुरूआत देखने वाले और उसे साकार करने के प्रयास से होती है। सपना जादू के माध्यम से वास्तविकता नहीं बन जाता, लेकिन दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से ही लेता है। अजमेर के सुंदर विलास निवासी सुनील गहलोत ने अपने संपनों की उड़ान को परवाज दी। इसके लिए उन्होंने मात्र 22 साल की उम्र में ही अजमेर छोड़ दिया। करीब 20 साल में सुनील ने असंभव से सपने को मेहनत और लगन से हकीकत में तब्दील कर दिखाया।

एशिया मिडिल ईस्ट, यूरोप और अब अमेरिका में लंबे पेशेवर कैरियन की शुरूआत करने वाले सुनील गहलोत ने अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर की वर्ल्ड फेमस वॉल स्ट्रीट स्थित एक बहुराष्ट्रीय वैश्विक वित्तीय संस्थान में वाईस प्रसिडेंट के उच्च पद पर कार्यरत है।

इससे पूर्व वे मस्कट, दुबई, लंदन, न्यूयार्क सिटी जैसे कई बड़े शहरों में डच बैंक, जेपी मोर्गन, चेस यूनियन, ट्रांसयूनियन, टिया, इन ब्रेडस्ट्रीट, लूमाता एवं ट्राई मैक्स अमरिका जैसी मल्टीनेशनल कम्पनीज के लिए कार्य कर चुके है।

विपरित परिस्थितियां उनके सफर की और अधिक प्रेरणादायक बनाती है। आर्थिक रूप से सामान्य परिवार से आने वाले सुनील गहलोत का बचपन बड़ा ही संघर्ष भरा रहा। स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई के साथ साथ कम उम्र में ही सुनील पिता की ऑटो मोबाइल गेराज में कार्यकर उनका सहयोग करते थे। सीमित साधनों और मार्गदर्शन के अभाव के साथ उन्होंने शुरूआती शिक्षा अजमेर के सरकारी स्कूल एवं गवर्मेंट कॉलेज से की। हाल ही में उन्होंने हार्वर्ड मेसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से डाटा सांइस मशीन लर्निग एण्ड कम्प्यूटर साइंस और साइबर सिक्योरिटी जैसी एडवांस टेक्नॉलोजी में सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है।

इससे पूर्व में इससे पूर्व सुनील ने विश्व स्तरीय हार्वर्ड, मैसाचुसेट्स इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी (डप्ज्) माईक्रोसॉफ्ट, ओरेकल, एमोजन, वीएम वेयर,क्लाऊडेरा, आईबीएम आदि के करीब 15 सार्टिफिकेट प्राप्त किए है। यह सार्टिफिकेट डाटा सांईस, बिग डाटा, ब्लॉकचैन डाटा बैस एडमि ट्रे न के विशयों पर थे। इसके साथ ही उन्होंने साईबर सिक्योरटी की डिग्री भी टेक्सास के ए–एम यूर्निवसिटी से प्राप्त की है।


उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को देते हुए कहा कि उन्हें प्रेरणा आस पास के लोगों के अनुभव से मिली है तथा समाज के युवाओं के लिए इस फील्ड में मदद करने के लिए वे हमेशा तैयार है तथा इस फील्ड में विश्व में अपार नौकरियों की संभावना है। माली सैनी संदेश पत्रिका परिवार को सुनील गहलोत से बात करते हुए उनके उत्कृष्ट विचारों एवं आत्मविश्वास के साथ कुछ कर गुजरने के जूनून से अत्यंत गर्व है तथा आज की युवा पीढ़ी के लिए सुनील गहलोत एक अनुकरणीय उदाहरण जो सरकारी स्कूल से शिक्षा प्राप्त करने के साथ पिता के मोटर गेराज में मदद कर आज इस मुकाम पर पहुंचे है समाज के युवाओं के लिए सुनील एक रॉल मॉडल है तथा हम उनका अभिनंदन करते हुए उनके नित नई ऊचाईयों में पहुंचने की ईश्वर से कामना करते है।

**समाज की एक मात्र ऑन लाईन पत्रिका माली सैनी संदेश**

**आप कहीं भी पढ़नें के लिए लॉग ऑन करें :**

**www.malisainisandesh.com**

# गरीबों असहायों एवं प्रवासी को लिए संस्थाओं द्वारा भोजन सेवा





जैतारण माली समाज द्वारा अनुकरणी सेवा कार्य

माली सैनी समाज संस्थान रजिस्टर्ड जैतारण जिला पाली की ओर से 22 मार्च 2020 से 3 मई तक निशुल्क भोजन व्यवस्था मैं माली समाज के सभी भामाशाह का इस संस्थान की ओर से हार्दिक अभिनंदन जिन्होंने आर्थिक सहयोग देखकर इस भोजन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा भविष्य में भी आप सभी माली समाज के भामाशाह ओं का इस संस्था संस्थान को सहयोग मिलता रहेगा।

संस्थान की ओर से जिनके जैतारण मैं राशन कार्ड या कोई सरकारी सुविधाएं नहीं मिल रही है उनके लिए माली समाज जैतारण की ओर से मालियों की बगीची प्राइवेट बस स्टैंड जैतारण मैं प्रातः 9 बजे से शाम 5.30 बजे भोजन की व्यवस्था की गई थी।

जरूरतमंद लोगों को जनता रसोई द्वारा परोसा जा रहा है खाना

उदयपुरवाटी। जब से लॉक डाउन हुआ है तब से लेकर अब तक निर्धन असहाय व जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्रीके किट व भोजन घर घर पहुंचान का काम लॉक डाउन के अंत तक किया गया।

जनता रसोई के संचालक ओमप्रकाश तंवर व मनीष तंवर ने बताया कि जनता रसोई में पहले निर्धन असहाय व जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री के किट वितरित किए, अब भोजन घर घर पहुंचाया जा रहा है। जिसमें 300 पैकेटस भोजन के सुबह शाम को वितरित करवाए जा रहे है।

जनता रसोई के ओमप्रकाश तंवर ने कहा कि लॉक डाउन मे पुलिस थाने के थानाधिकारी व उनकी टीम द्वारा पहल पर शुरू की गई रसोई में हर दिन भोजन के पैकैट्स बनाकर मजदूर गरीब व असहाय लोगों को दिए गए जो पेट न भरने के चलते पलायन कर रहे थे। लोगों की पीड़ा को देखते हुए थानाधिकारी द्वारा शुरू किए गए प्रयासों को जनता रसोई के नाम से सुबह शाम भोजन वितरित कर पहल की गई। इस पुनीत सेवा कार्य में भामाशाहों के सहयोग की भी अहम भूमिका रही। उनके सहयोग से ही जनता रसोई का संचालन हो रहा है इस दौरान सर्व समाज के लोगों ने उनकी हर संभव मदद करने के साथ ही अपनी प्रतिदिन सेवाएं भी प्रदान की। जिसमें प्रकाश सैनी, ताराचंद, सीताराम, शैतानसिंह, नारूराम, राधेश्याम, श्याम, राजू, अशोक, रामचंद्र, चौथमल, शंभु, सुरेश सहित कस्बे के कई अन्य समाज बंधु दिन रात जुटे रहे थे।

# अमरस सरपंच ओमप्रकाश सैनी की हत्या पर समाज में रोष



अमरसर। राजधानी जयपुर के शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के अमरसर थाना इलाके के ग्राम पंचायत के सरपंच ओम प्रकाश सैनी पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर हत्या कर दी। सूत्रों के अनुसार सरपंच ओमप्रकाश सैनी अमृतसर स्थिति काली माता रोड पर पैदल ही अपने घर जा रहे थे ,तो बाइक सवार हमलावरों ने सरपंच पर फायरिंग कर दी द्य फायरिंग कर हमलावर मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने सरपंच को इलाज के लिए अमरसर अस्पताल पहुंचाया। जहाँ चिकित्सकों ने सरपंच को चोमू रेफर कर दिया। चोमू के बराला हॉस्पिटल ने भी जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सरपंच ओमप्रकाश सैनी ने दम तोड़ दिया

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। ग्रामीणों में घटना के प्रति आक्रोश जताया और हत्यारों को जल्दी पकड़ने की मांग की, पुलिस हमलावरों कि तलाश और मामले की पूरी छानबीन में जुट गई।

समाज में शोक लहर एंव आक्रोश जताते हुए मांग की कि प्रशासन त्वरित कार्यवाही कर हमलावरों को गिरफ्तार करने की मॉंग की। पुलिस द्वारा अपराधियों की खोज बिन करने पर ओमप्रकाश सैनी के हत्यारों को पकड लिया गया। इस महत्वपूर्ण हत्याकाण्ड को सुलझाने व खुलासा करने में फुलेरा थाने में कार्यरत सिंघम एएसआई दुलाराम सैनी का विशेष योगदान रहा।



**एएसआई**
**दुलाराम सैनी के प्रयासों से हत्यारे आए गिरफ्त में**

दुलाराम सैनी बबाई के नजदीक के रहने वाले है और हाल निवासी जयपुर है। दुलाराम जी ईमानदारी व कर्त्तव्य निष्ठा के लिए जाने जाते है। बड़े मामलों की पड़ताल हेतु जांच के लिए गठित टीम में इनका नाम आगे रहता है। फुलेरा में अपनी कार्यशैली के चलते सिंघम के नाम से जाने जाते है। फुलेरा थाने में तैनात होने के बावजूद भी अमरसर वाले मामले में इन्हें विशेष रूप से बुलाया गया। सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं समाज के प्रबुद्धजन ने उनके घर जाकर शोक संतृप्त परिवार को ढ़ाढस बंधाया। साथ ही दिवगंत ओमप्रकाश को श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा

श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर

श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, कुड़ी फार्म, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर

# इंडियाज लिटिल फेशन हन्टर्स क्युटस किड्स बना सिद्धार्थ सोलंकी



जोधपुर। सूरसागर क्षेत्र के सोढ़ों की ढ़ाणी निवासी जसवंत सिंह सोलंकी के पुत्र मास्टर सिद्धार्थ सोलंकी बने इन्फिनिटी टेक–ओवर्स इंडियाज लिटिल फेशन हन्टर्स किड्स। देश के पहले आईलएफएच ऑनलाईन किड्स फोटो कॉन्टेस्ट के रिजल्ट्स के अनाउंसमेंट। राजधानी जयपुर में ए इन्फिनिटी टेक ओवर्स द्वारा इंडियाज लिटिल फेशन हन्टर्स ऑनलाइन किड्स फोटो कॉन्टेस्ट की शुरूआत 1 मार्च से की गई थी जिसमें 5 देशों से 100 शहरों के 8000 से अधिक बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

जिसमें से तकरीबन 2400 बच्चों का सलेक्शन किया गया। इस फोटो कॉन्टेस्ट व इंडियाज लिटिल फेशन हन्टर्स के फाउंडर डायरेक्टर अनूप चौधरी ने बताया कि इस कांटेस्ट को हमारी उम्मीद से ज्यादा प्यार व सपोर्ट मिला।

सिद्धार्थ के पिता ने बताया कि सभी बच्चों व उनके माता पिता इस एक्टिविटी से जुड़कर काफी खुश नजर आए। इस कॉन्टेस्ट के माध्यम से कोरोना व लॉक डाउन जैसी निराशाजनक स्थिति में बच्चों के टेलेण्ट को ग्रुम करने तथा क्रिएटिव चीजों में एंगल रखने का सफल प्रयास किया गया है। सबसे ज्यादा पोस्ट रीच व लाइक्स की रैकिंग के आधार पर बच्चों को विजेता घोषित किया गया है। इस कॉन्टेस्ट में पार्टिसिपेंट करने वाले विनर को पांच लाख तक के गिफ्ट हैंपर्स एवं टॉप 10 में सलेक्ट हुए किड्स को पीपल चॉइस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कुछ सेलेक्टिव किड्स को आने वाले फेशन शो में पार्टिसिपेट करने का मौका भी मिलेगा।

श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर

श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर

श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरवां, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्वाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां

# माली सैनी सन्देश













## ही क्यों ?

### क्योंकि ?

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योंकि ?

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर कॉम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज.)

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु 400/-** | **पांच वर्ष रु 900/-** | **आजीवन रु 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन/मोबाईल ____________ ई–मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखें : – प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

# जननायक अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा कार्यों की झलकियां

















ALOE WAY
Nature's Gift

हमारे प्रोडक्ट्स

- एलोवेरा जेल
- आंवला ज्यूस
- गिलोय ज्यूस
- एलोवेरा जेल ज्यूस
- व्हीटग्रास (गेंहू की दूब) ज्यूस
- एलोवेरा नीम तुलसी फेस वॉश
- एलो-वे पंचगव्य नाक की ड्रॉप
- एलो-वे बॉडी लॉशन
- एलो-वे हर्बल शेंपू
- एलो-वे होम केयर क्लीनर




डीलरशीप हेतु सम्पर्क करें

Sai International

94144 75464
sai.int.jod@gmail.com

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR